दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 105 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | गुरुवार, 20 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की। उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर से देशभर के करीब 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 18000 करोड़ रुपए से ज्यादा ट्रांसफर किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपए भेजे जा चुके हैं। किसानों को 10 लाख करोड़ रुपए की मदद भी दी गई है। उन्होंने नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि नेचुरल फार्मिंग से हमारा एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट 2 गुना हुआ है। मोदी ने कहा कि जब मैं मंच पर आया तो काफी किसान गमछा घुमा रहे थे, मुझे लगा बिहार की हवा यहां मेरे आने से पहले पहुंच गई है। किसान सम्मान निधि योजना के तहत छोटे किसानों को एक साल में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तें (कुल 6000 रुपए) दी जाती हैं। यह राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है।

### कुछ राज्यों को पहले ही मिल चुकी 21वीं किस्त

केंद्र सरकार ने कुछ राज्यों में 21वीं किस्त पहले ही जारी कर दी है। 26 सितंबर 2025 को पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के किसानों को ये किस्त दी गई, क्योंकि इन राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान की भरपाई के लिए अग्रिम राहत दी गई थी। इसके अलावा 7 अक्टूबर 2025 को जम्मू-कश्मीर के किसानों को भी ये किस्त मिल चुकी है। पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है। 2 अगस्त को 20वीं किस्त जारी की गई थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अगस्त को किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी की थी। मोदी ने वाराणसी से 9 .7 करोड़ किसानों के अकाउंट में 20वीं किस्त के रूप में 20 .84 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए थे। पीएम-किसान योजना 2019 में शुरू हुई थी पीएम-किसान योजना फरवरी 2019 में शुरू हुई थी। इसके तहत पात्र किसानों को हर साल 6,000 रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है, जो तीन किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए भेजी जाती है। अभी देशभर में 10 करोड़ से ज्यादा किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

## 9 करोड़ किसानों के खाते में 18000 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर

### पीएम बोले- नेचुरल फार्मिंग मेरे दिल के करीब

मोदी ने कहा कि कोयंबटूर का टेक्सटाइल सेक्टर देश की इकोनॉमी में बहुत बड़ा कॉन्ट्रिब्यूटर है। नेचुरल फार्मिंग मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं तमिलनाडु के सभी किसानों को शुभकामनाएं देता हूं। कोई मैकेनिकल इंजीनियरिंग और पीएचडी करके खेती कर रहा है। कोई नासा में काम करते हुए खेती कर रहा है और अन्य किसानों को ट्रेंड कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साल पहले सरकार ने नेचुरल किसान और नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत की, जिससे कई किसान जुड़ चुके हैं। तमिलनाडु में ही 35 हजार हेक्टेयर पर नेचुरल फार्मिंग हो रही है। पीएम ने कहा कि कर्नाटक और केरल में मल्टीलेयर फार्मिंग हो रही है। एक साथ नारियल, मिर्ची और अन्य फसलें उगाई जा रही हैं।



## पीएम किसान सम्मान निधि योजना अन्नदाताओं के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक

# राजस्थान में सहकार से समृद्धि का विजन हो रहा साकार - सीएम शर्मा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन देश के किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के विकास से जुड़ा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के विचारों के अनुरूप अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास तथा जरूरतमंद तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसके जीवन स्तर को उठाने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की है। यह कदम हमारी सरकार का किसान कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयम्बटूर में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के हस्तान्तरण कार्यक्रम एवं दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुए इस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा वीसी के माध्यम से जुड़े और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

इसी कड़ी में श्री शर्मा ने दुर्गापुरा के राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ है। मेहनत, लगन और समर्पण से ये अनाज उपजाते हैं।

# नीतीश कुमार का इस्तीफा
# आज 10वीं बार लेंगे शपथ

## गांधी मैदान में समारोह, 2 मंच, 150 मेहमान, पीएम मोदी समेत 11 राज्यों के सीएम शामिल होंगे

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को वे 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेंगे। शपथ समारोह सुबह 11.30 बजे गांधी मैदान में होगा।

समारोह के लिए 2 मंच बनाए गए हैं। इसमें पीएम मोदी समेत 11 राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। साथ ही 150 मेहमानों को भी निमंत्रण भेजा गया। इससे पहले बिहार विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, सुबह 11 बजे पटना के बीजेपी ऑफिस में विधायक दल की बैठक हुई। इसमें सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया है।

विजय सिन्हा को विधानमंडल का उपनेता चुना गया है। मतलब सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा दोनों डिप्टी सीएम होंगे। जानकारी के मुताबिक, नीतीश के साथ-साथ सम्राट और विजय सिन्हा भी डिप्टी सीएम की शपथ ले सकते हैं। इधर, बीजेपी के विधायक दल की बैठक से पहले जेडीयू के विधायक दल की बैठक हुई जिसमें नीतीश कुमार को नेता चुना गया।



### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया


विधायक दल के नेता के चुनाव से पहले केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई थी। बीजेपी के संसदीय बोर्ड ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया, जबकि केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी मिली। सभी मंगलवार रात ही पटना पहुंच गए थे।

### चिराग ने 2 मंत्री की डिमांड रखी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पटना पहुंचेंगे। नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद वे बीजेपी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में मंत्रियों की लिस्ट फाइनल होगी। इधर, सूत्रों के अनुसार चिराग पासवान ने एनडीए में 2 मंत्री पद की डिमांड रखी है। चिराग अपने बहनोई अरुण भारती का नाम बढ़ा सकते हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में एलजेपी ने 19 सीटें जीती हैं।

# लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से भारत लाया गया

## पहली फोटो सामने आई; सलमान खान के घर फायरिंग, बाबा सिद्दीकी और मूसेवाला के मर्डर का आरोप



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई/नई दिल्ली (एजेंसी)।** गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से डिपोर्ट कर बुधवार को दिल्ली लाया गया। इसके बाद एयरपोर्ट पर एनआईए ने कस्टडी में ले लिया और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। यहां उसे 14 दिन की एनआईए की कस्टडी में भेज दिया गया।

अमेरिका से कुल 200 लोगों को डिपोर्ट किया गया है, इनमें भारत के 3 लोग हैं। अनमोल के अलावा 2 लोग पंजाब के हैं। अभी इनके बारे में जानकारी नहीं मिली है। गैंगस्टर अनमोल अप्रैल, 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में वांटेड आरोपी है। वह पिछले साल मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का मुख्य आरोपी भी है।



## सम्पादकीय

# आतंक की पैरवी, देश के लिए घातक

फरीदाबाद के आतंकी माड्यूल में शामिल और दिल्ली में लाल किले के निकट कार में धमाका कर 15 लोगों की जान लेने वाले आतंकी उमर का जो सनसनीखेज वीडियो सामने आया, वह इसकी ही पुष्टि कर रहा है कि वह एक ऐसा आत्मघाती हमलावर बन गया था, जो मजहबी कट्टरता से बुरी तरह ग्रस्त था। इस वीडियो में वह केवल आत्मघाती हमले को जायज ही नहीं ठहरा रहा है, बल्कि इस पर भी जोर दे रहा है कि इस्लाम की उस मान्यता को सही से नहीं समझा जा रहा, जिसके तहत आत्मघाती हमलों को गैर इस्लामी कृत्य कहा जाता है।

उमर आत्मघाती हमलों को जायज बताने वाला पहला आतंकी नहीं। दुनिया भर के आतंकी संगठन आत्मघाती हमलों को जायज बताने के साथ उसे जिहाद यानी एक तरह के मजहबी कृत्य की संज्ञा देते रहते हैं। वास्तव में इसी कारण उनके आत्मघाती हमले थम नहीं रहे हैं। आतंकी डाक्टर उमर के सनसनीखेज वीडियो ने उन इस्लामी संगठनों और मजहबी विद्वानों की चुनौती बढ़ा दी है, जो इस्लामी मान्यताओं का हवाला देकर आतंकवाद के खिलाफ फतवे जारी करने के साथ मुस्लिम युवाओं को मजहबी कट्टरता से बचाने के जतन करते रहे हैं। अब उनका काम और कठिन होगा, लेकिन यह कठिनाई केवल उनके सामने ही नहीं। सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के सामने भी यही कठिनाई खड़ी हो गई है। सरकारें और उनका तंत्र एक बार को उन मुस्लिम युवाओं को तो मजहबी कट्टरता का शिकार होने से बचा सकता है, जो अशिक्षित हैं, लेकिन उमर जैसे उच्च शिक्षित युवाओं को सही राह पर लाना एक टेढ़ी खीर है, क्योंकि वे इस्लामी मान्यताओं की अपनी तरह से व्याख्या करने के साथ उसे ही सही बताने पर बल दे रहे हैं। यह सहज ही समझा जा सकता है कि उमर जैसी कट्टरता से उसके साथी भी ग्रस्त होंगे। यह कोई नई-अनोखी बात नहीं कि जिहादी आतंक एक कट्टर विचारधारा की उपज है। ऐसे आतंक का सामना केवल पुलिस और खुफिया एजेंसी नहीं कर सकतीं। सच तो यह है कि विश्व में कहीं पर कर भी नहीं पा रही हैं। इसका कारण यह है कि जिहादी आतंक से निपटने के तौर-तरीकों पर आम राय नहीं। दुर्भाग्य से भारत में भी ऐसा ही है।



इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि फरीदाबाद आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद से कई ऐसे बयान सामने आ चुके हैं, जो इस माड्यूल में शामिल डाक्टरों के आतंकी बनने के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराते दिखे। ऐसे गैर जिम्मेदाराना बयान केवल सुरक्षा एजेंसियों की समस्या बढ़ाने वाले ही नहीं, बल्कि आतंक की राह पर चलने वालों का दुस्साहस बढ़ाने वाले भी हैं। यदि मजहबी कट्टरता से पनपे आतंकवाद का सामना करना है, तो देश के राजनीतिक वर्ग को उससे निपटने के उपायों पर आम राय कायम करनी ही होगी।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 20 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1815 - यूरोप में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूस, प्रशिया, आस्ट्रिया और इंग्लैंड ने गठबंधन किया।
- 1829 - रूस के निकोलायेव और सेवेस्तोपोल क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया।
- 1866 - अमेरिका के वांशिगटन में हावर्ड विश्वविद्यालय की स्थापना।
- 1917 - यूक्रेन गणराज्य घोषित हुआ।
- कलकत्ता (अब कोलकाता) में बोस अनुसंधान संस्थान की स्थापना।
- 1942 - ब्रिटिश सेना ने लीबिया की राजधानी बेनगाजी पर दोबारा क़ब्ज़ा किया।
- 1945 - जापान का अमेरिका के समक्ष पूर्ण आत्मसमर्पण एवं द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति।
- 1949 - इजरायल में यहूदियों की संख्या दस लाख हुई।
- 1955 - पॉली उमरीगर ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत की ओर से पहला दोहरा शतक लगाया।
- 1968 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1981 - अफ़्रीकी देश बुरुंडी में संविधान अंगीकार किया गया।
- भास्कर उपग्रह को छोड़ा गया था।
- 1985 - माइक्रोसाफ्ट विंडोज 1.0 जारी हुआ।
- 1994 - अंगोला सरकार और यूनिटा विद्रोहियों के मध्य 19 वर्ष से जारी संघर्ष की समाप्ति के लिए लुसाका में शांति संधि सम्पन्न।
- 1997 - अमेरिकी अंतरिक्ष शटल यान 'कोलम्बिया' फ़्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित।
- 1998 - अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जारया का पहला माड्यूल जारी।
- 2002 - अटलांटिक महासागर में स्पेन के तट से क़रीब 150 मील दूर बहामा जा रहा 'प्रेस्टीज तेल टैंकर' डूबा।
- 2003 - तुर्की के इस्ताम्बल में हुए बम विस्फोट में ब्रिटेन के महावाणिज्य दूत सहित 27 लोगों की मृत्यु।
- 2007 - पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय व प्रान्तीय असेंबलियों के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया।
- 2008- मालेगाँव धमाके के मामले में गिरफ्तार सभी 10 आरोपियों पर मकोका लगया गया। राज्यसभा के दो नवनिर्वाचित सदस्यों प्रभाकर कारे तथा बरण मुखर्जी ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। अदन की खाड़ी में अपने व्यावसायिक जहाज़ों की रक्षा के लिए भारत ने गाइडेड मिसाइल युक्त एक विध्वंसक जहाज़ भेजा।

## विशेष आलेख

# प्रदूषण की कीमतः क्या भारत को चाहिए एक व्यापक 'प्रदूषण कर'?



डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत विश्व के उन देशों में है जहाँ वायु, जल और मिट्टी का प्रदूषण तीव्र स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी सबसे प्रदूषित नगरों की सूची में भारत के अनेक नगर शामिल हैं। जल-प्रदूषण से प्रतिवर्ष लाखों लोग रोगग्रस्त होते हैं। दूसरी ओर, स्वच्छ ऊर्जा, हरित अवसंरचना और प्रदूषण नियंत्रण हेतु सरकार के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं। ऐसे समय में प्रदूषण कर अर्थात् प्रदूषण फैलाने पर आर्थिक दंड को एक समुचित समाधान के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इससे प्रदूषण में कमी और पर्यावरण-रक्षा के लिए स्थायी राजस्व दोनों प्राप्त हो सकते हैं।

भारत आज उस मोड़ पर खड़ा है जहाँ तेज आर्थिक विकास और बिगड़ते पर्यावरण के संकट के बीच संतुलन बनाना अत्यंत कठिन चुनौती बन गया है। शहरों की हवा दिन-प्रतिदिन जहरीली होती जा रही है, नदियाँ औद्योगिक कचरे से भर रही हैं, भूमिगत जल स्तर घट रहा है, ठोस कचरे के पहाड़ महानगरों की पहचान बनते जा रहे हैं, वहीं जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कृषि, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है। ऐसी स्थिति में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या अब भारत को प्रदूषण फैलाने वालों पर प्रत्यक्ष आर्थिक दंड लगाने अर्थात् विस्तृत प्रदूषण कर लागू करने की आवश्यकता है? प्रदूषण कर का विचार नया नहीं, परन्तु इसकी आवश्यकता आज पहले से कहीं अधिक है। अर्थशास्त्र में यह माना जाता है कि जब कोई उद्योग, वाहन या गतिविधि प्रदूषण फैलाती है तो उसका दुष्परिणाम पूरे समाज को भुगतना पड़ता है, न कि केवल उसे जो प्रदूषण फैला रहा है। यह बाज़ार व्यवस्था की वह गंभीर विफलता है जिसे बाह्य लागत कहा जाता है—अर्थात् नुकसान तो समाज को होता है, पर उसका मूल्य न तो वस्तु की कीमत में जुड़ता है, न ही प्रदूषण फैलाने वाला उसे भरता है। ऐसे में प्रदूषण कर इसी असंतुलन को सुधारने का प्रयास करता है, जहाँ जो जितना अधिक प्रदूषण फैलाए, वह उतनी अधिक आर्थिक कीमत चुकाए। भारत में कोयले पर लगाया गया स्वच्छ ऊर्जा उपकर इसका एक प्रारंभिक स्वरूप था, परंतु आज देश में वायु, जल, ध्वनि, ठोस कचरा और औद्योगिक उत्सर्जन का ऐसा मिश्रित संकट है कि केवल किसी एक क्षेत्र पर कर लगाना पर्याप्त नहीं। आवश्यकता एक सर्वसमावेशी और वैज्ञानिक पद्धति से तैयार प्रदूषण कर की है, जो प्रदूषण को कम करने और स्वच्छ विकल्पों को बढ़ावा देने में सहायक हो। प्रदूषण कर का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह प्रदूषण को महँगा बनाता है और स्वच्छता को सस्ता। जब किसी उद्योग को प्रति इकाई उत्सर्जन पर कर देना पड़ेगा, तो वह स्वाभाविक रूप से ऐसी तकनीक अपनाने की ओर अग्रसर होगा जो कम प्रदूषण करे। यूरोप जैसे क्षेत्रों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट दिखाई देती है जहाँ कार्बन-आधारित दंड के बाद ऊर्जा-संरक्षण और हरित तकनीक का उपयोग अत्यधिक बढ़ा। भारत में भी यह परिवर्तन संभव है, बशर्ते नीति दीर्घकालिक, पारदर्शी और लक्ष्य-उन्मुख हो। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारत को आने वाले वर्षों में पर्यावरण-रक्षा और स्वच्छ ऊर्जा पर बड़े पैमाने पर निवेश की आवश्यकता होगी। नदियों की सफाई, स्वच्छ परिवहन व्यवस्था, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण उपकरण, ठोस कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन तथा हरित भवनों के विकास पर अत्यधिक वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होगी। ऐसे में प्रदूषण कर एक स्थायी और अनुमानित राजस्व स्रोत बन सकता है, जिसे एक स्वतंत्र हरित निधि के माध्यम से केवल पर्यावरण संरक्षण पर व्यय किया जा सकता है। वैश्विक स्तर पर भी प्रदूषण कर का महत्व बढ़ रहा है। कई विकसित देश अब उन आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगा रहे हैं जो अधिक प्रदूषणकारी स्रोतों से बनती हैं। यदि भारत घरेलू स्तर पर प्रदूषण पर उचित कर लागू करता है, तो भारतीय निर्यातकों को विदेशी बाज़ारों में अतिरिक्त शुल्क से राहत मिल सकती है। इस प्रकार प्रदूषण कर केवल पर्यावरण-हित में नहीं, बल्कि भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा की रक्षा में भी सहायक सिद्ध हो सकता है। परंतु इन सबके बीच सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि क्या प्रदूषण कर गरीबों पर भारी पड़ सकता है? यह चिंता बिल्कुल वास्तविक है। यदि ईंधन और बिजली की लागत बढ़ेगी, तो उसके साथ ही परिवहन, खाद्य पदार्थ और आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। इसका सीधा प्रभाव निम्न-आय वर्ग पर पड़ता है, जिनके पास विकल्प सीमित होते हैं। इसलिए प्रदूषण कर को न्यायपूर्ण बनाने के लिए यह अनिवार्य होगा कि निम्न-आय वाले परिवारों को प्रत्यक्ष नकद सहायता, ऊर्जा सब्सिडी और रसोई गैस जैसी आवश्यकताओं पर राहत दी जाए।

उद्योग जगत की चिंताएँ भी कम नहीं। विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग ऊर्जा-प्रधान होते हैं और किसी भी अतिरिक्त कर का प्रभाव उनकी लागत पर पड़ता है। अतः प्रदूषण कर को चरणबद्ध ढंग से लागू करना होगा—पहले बड़े उद्योगों पर, फिर धीरे-धीरे छोटे उद्योगों को तकनीकी और वित्तीय सहायता के साथ इस दायरे में लाना होगा। हरित मशीनरी पर अनुदान, ब्याज रहित ऋृण, और तकनीकी उन्नयन के लिए मार्गदर्शन इस परिवर्तन को सुगम बना सकते हैं। भारत की प्रशासनिक क्षमता भी एक महत्वपूर्ण कारक है। प्रदूषण का सटीक मापन, डेटा की विश्वसनीयता और निगरानी तंत्र की पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक होगी। छोटे उद्योगों और गैर-प्रमाणित स्रोतों की निगरानी आज भी चुनौतीपूर्ण है। यदि उत्सर्जन मापन ही विश्वसनीय न हो, तो कर प्रणाली पर विश्वास नहीं किया जा सकता। इसलिए भारत को आधुनिक सेंसर-तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी, डिजिटल उत्सर्जन-पंजीकरण तथा रियल-टाइम निगरानी प्रणाली को मजबूत करना होगा। इसके अतिरिक्त, प्रदूषण कर की सफलता इस बात पर भी निर्भर करेगी कि सरकार इसके राजस्व का उपयोग कहाँ करती है। यदि यह धन सामान्य बजट में विलीन हो गया, तो जनता में अविश्वास बढ़ेगा और नीति का उद्देश्य कमजोर पड़ेगा। इसके लिए एक स्वतंत्र हरित कोष का गठन आवश्यक है।

# समावेशी विकास और न्यायपूर्ण प्रशासन ही नक्सलवाद खात्मे का है स्थाई समाधान



सुनील कुमार महला

*हिंसा के रास्ते ने हजारों परिवारों को दर्द, भय और असुरक्षा के सिवा कुछ नहीं दिया, लेकिन अब धीरे-धीरे हमारा देश नक्सलवाद के संपूर्ण खात्मे की ओर बढ़ रहा है, यह बहुत अच्छी बात है।*

नक्सलवाद हमारे देश के लिए एक बड़ी समस्या रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि नक्सलवाद देश के विकास पर लगा एक गहरा दंश है, जो वर्षों से शांति और प्रगति को चोट पहुँचाता रहा है।यह नासूर न केवल सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देता है, बल्कि गरीब और आदिवासी क्षेत्रों की उन्नति को भी रोकता है। हिंसा के रास्ते ने हजारों परिवारों को दर्द, भय और असुरक्षा के सिवा कुछ नहीं दिया, लेकिन अब धीरे-धीरे हमारा देश नक्सलवाद के संपूर्ण खात्मे की ओर बढ़ रहा है, यह बहुत अच्छी बात है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में देश में 182 जिलों में नक्सलवाद था,जो वर्तमान में यानी कि वर्ष 2025 तक केवल 11 जिलों में सिमट कर रह गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि साल 2013 से 2025 के बीच नक्सलवाद (लेफ़्ट विंग एक्सट्रीमिज्म) में उल्लेखनीय गिरावट आई है। वर्ष 2013 में लगभग 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे, लेकिन अप्रैल 2024 तक यह संख्या घटकर सिर्फ 38 जिले रह गई है। इसके साथ ही हिंसात्मक घटनाओं में भी भारी कमी आई है- उदाहरण के तौर पर, 2010 में लगभग 1,936 घटनाएं हुई थीं, जो 2024 में घटकर 374 पर आ गईं, यानी 81 त्न की गिरावट हुई है। इतना ही नहीं, नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में भी 85 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है- 2010 में 1,005 मौतें थीं, जो 2024 में करीब 150 तक सीमित हो गईं। कुल मिलाकर, इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि नक्सलवाद का भौगोलिक विस्तार और हिंसा दोनों ही पिछले दशक में काफी कम हुए हैं, जो भारत की सुरक्षा नीतियों और विकास पहलों की सफलता को दर्शाता है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि पिछले 12 सालों में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों में तेज़ी से कमी आई है। वास्तव में यह दर्शाता है कि वर्तमान में रेड कारिडोर अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है और अब वह दिन दूर नहीं जब नक्सलवाद इस देश से पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। इस क्रम में, हाल ही में नक्सलवाद का सबसे क्रूर और खूंखार चेहरा माड़वी हिड़मा आखिरकार मारा गया। पाठकों को बताता चलूं कि हिड़मा और उसकी पत्नी राजे समेत चार अन्य नक्सलियों को 18 नवंबर 2025 मंगलवार सुबह आंध्र प्रदेश के मरेडमिल्ली के जंगल में ढेर कर दिया गया। यह इलाका छत्तीसगढ़ के बॉर्डर से लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पहले विजयवाड़ा और विशाखापट्टनम के आसपास से 31 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई थी। इनमें से 7 नक्सल चीफ देवजी के बॉडीगार्ड थे। दरअसल, इनकी निशानदेही और इनपुट के आधार पर दो दिन पहले एक बड़ा ऑपरेशन लांच किया गया। कहना ग़लत नहीं होगा कि चारों तरफ से पड़ रहे दबाव के बीच नक्सलवाद अब एक छोटे-से इलाके में सिमट कर रह गया है। बहरहाल,नक्सलवाद का खात्मा केवल पुलिस व सुरक्षा बलों की कार्रवाई से नहीं, बल्कि बहुआयामी और संतुलित रणनीति से ही संभव है। इसके लिए सुरक्षा, विकास, विश्वास और शासन चारों मोर्चों पर एक साथ काम करना जरूरी है।

बढ़ता राजस्थान

# शादी विवाह से कोठयार गायब,परम्परा का ह्रास



रूपक शर्मा

एक दौर था जब शादी विवाहों में घर के एक कमरे को कोठयार बनाया जाता था जहां एक इमानदार व्यक्ति को कोठयारी का जिम्मा संभलवाया जाता था ना आज कोठयार है ना कोठयारी। दरअसल घर में तो शादी वाले दिन ताला लगा होता है और बेगानी जगहों पर शहनाई बज रही होती है। बाहर सडक़ पर तो जश्न का माहौल होता है लेकिन घर में सूनापन रहता है। एक दौर वो भी था मित्रों जब दस तरह की मिठाईयां और स्टॉल्स नहीं थी ना की शेक के काउंटर थे वेटर भी नहीं थे,लडकी के भाई के दोस्त या पडौसी ही वेटर का काम करते थे। महंगी महफीलें भी नहीं थी बस सडक़ पर हल्का सा टैंट और शादी हो गई। आज दस तरह की मिठाईयां हैं लेकिन खाई नहीं जाती क्योंकि अधिकतर लोग डायबिटिज के शिकार हैं। उस दौर में लड्डुओं का राज हुआ करता था। लोग जी भर के खाया करते थे और लावणा में लड्डु और पॉपड़ी बंधा करती थी। जो भी दौर था मित्रों जिस कमरें में लड्डुओं का राज रहा करता था। दो तरह की पापड़ी नई बहू के आगमन का इंतजार करती थी,एक कोने में बालूशाही रखी होती थी जो अपने केसरियां रंग से घर के वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा में बदल देती थी एक कोना कचौरियों से भरा रहता था जिसकी खुशबु से लगाता था कि इस मौहल्ले में या इस गली में शादी है। कोठयार क्या गायब हुआ शादी एक दिन में ही सिमट कर रह गई है। उस दौर में एक महीने तक उस घर से अलग सी खुश्बु सी आया करती थी जिस घर में शादी होती थी। मेहमान पावणें भी कई दिनों पर चहल पहल बना कर रखा करते थे। माफ करना लेकिन ये सत्य है आजकल की महंगी शादियों में मेहमान काम करने नहीं बल्कि कमी निकालने आया करते हैं।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# विश्व सीओपीडी दिवस-2025- फेफड़ों की गंभीर बीमारी है सीओपीडी

सीओपीडी यानी क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज फेफड़ों की एक गंभीर बीमारी है, जो धीरे-धीरे हमारे लंग्स को डैमेज कर देती है। इस बीमारी में हमारे फेफड़ों में सूजन आ जाती है और फेफड़ों तक जाने वाली नली सिकुडऩे लगती है, जिससे वायु का प्रवाह कम हो जाता है और सांस लेने में दिक्कत होती है। सीओपीडी का मुख्य कारण धूम्रपान है। हालांकि, ज्यादा वायु प्रदूषण वाली हवा में सांस लेने, अनुवांशिक कारण और अन्य श्वसन संक्रमणः भी सीओपीडी के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। सीओपीडी होने पर फेफड़े बहुत कमजोर हो जाते हैं। यदि समय पर इलाज न किया जाए, तो जान जाने का खतरा भी रहता है। अगर समय पर इसके संकेत पहचान लिए जाए और उचित उपचार लिया जाए, तो इसे नियंत्रित किया जा सकता है। हर साल नवंबर के तीसरे बुधवार को विश्व सीओपीडी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनियाभर में क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज के बारे में जागरूकता फैलाना है।

**सीओपीडी के लक्षण सांस लेने में कठिनाई** :सांस फूलना या सांस लेने में कठिनाई महसूस होना सीओपीडी का सबसे आम लक्षण है। अगर आपको सामान्य गतिविधियों के दौरान या आराम करते हुए भी सांस लेने में दिक्कत महसूस होती है, तो इसे नजरअंदाज न करें। यदि आपको इस तरह के संकेत नजर आ रहे हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**सांस लेते समय घरघराहट या सीटी जैसी आवाज आना** : सांस लेते समय सीने में घरघराहट या सीटी जैसी आवाज सुनाई देना भी सीओपीडी का संकेत हो सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी दूर रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी। आज आप अपने काम को दूसरों के भरोसे छोड़ सकते हैं।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप कुछ काम करने की सोचेंगे, लेकिन उसमें विघ्न आने से आपकी बेवजह की टेंशन बढ़ेगी। आपकी कोई शारीरिक समस्या भी बढ़ सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी काम की गति भी बेहतर रहेगी और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपकी कोई बात बनते-बनते बिगड़ सकती है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो बेवजह का लड़ाई-झगड़ा हो सकता है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपके खिलाफ कोई विरोधी षड्यंत्र रच सकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए किसी नए घर आदि की खरीदारी के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको अपने किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है और आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी पुरानी बात को लेकर वाद-विवाद हो सकता है। आपको अपने किसी वाद-विवाद को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य का विवाह के बात पक्की हो सकती हैं और आपको नौकरी में भी प्रमोशन आदि जैसी कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आगे बढऩे के लिए रहेगा। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन आप धैर्य और संयम से काम लेंगे।

**मीन**
आज आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आपके बॉस से भी आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से भी आपको थोड़ा सावधान रहना होगा।

## सचिव समीक्षा गौतम ने गंगापुर सिटी में बाल वाहिनियों का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बुधवार को गंगापुर सिटी में स्थित फव्वारा चौक पर बाल वाहिनियों का निरीक्षण कर बाल वाहिनियों में क्षमता से अधिक बच्चें, बाल वाहिनियों का फिटनेस, परमिट एवं बीमा, बाल वाहिनियों के ड्राइवर के लाइसेंस, वाहन चलाने के उनके अनुभव, बाल वाहिनियों में बच्चों की सुरक्षा हेतु जीपीएस, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट आदि की उपलब्धता, किसी दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन निकासी की व्यवस्था आदि के संबंध में जांच की गई। निरीक्षण के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाली कुल 8 बाल वाहिनियों के चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बाल वाहिनियों के चालको एवं सहायकों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए समझाइश की गई। इस दौरान आरटीओ पिंकी रानी एवं सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इन्दिरा गांधी की जंयती मनाई



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** बुधवार को यहां नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इन्दिरा गांधी जंयती मनाई गई । इस अवसर पर कांग्रेसी वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला। और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश हित,देश की रक्षा और देशवासियों की सुरक्षा जैसे जनता के हित के कार्यों में अपना जीवन निछावर कर दिया पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के विकास के लिए जो निर्णय लिए वह आज भी सराहनीय है। पूरी दुनिया में इंदिरा गांधी आज भी आयरन लेडी के नाम से जानी जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी कि कार्य नीति ने देश में इतिहास रचा है। उनके दृढ़ नेतृत्व,अदम्य साहस और राष्ट्रहित के निर्णय से गरीबी हटाओ, राष्ट्र की सुरक्षा, विज्ञान तकनीक को नई दिशा दी है और भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत करने में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा है। इंदिरा गाँधी सिर्फ एक नेता नहीं थीं,बल्कि एक सोच थीं — सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत और न्यायपूर्ण भारत की सोच। इस अवसर पर अध्यक्ष सौरभ जिंदल, नीरज शर्मा रमेश गणेश प्रिंटर्स जिला महासचिव मोतीलाल, अम्बा लाल मौर्य, शम्मी भाई, टीकम चंद सम्पत सुवालका,राजू ग्वाला, नंदकिशोर, राजीव जैन,राजू पाठक, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## मांडकला से नगर फोर्ट को जोड़ने वाला रोड स्वीकृत कार्य प्रारंभ



बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगर फोर्ट(कमलेश गौतम)** । नगर फोर्ट को मिनी पुष्कर मांडकला से जोडने वाला रोड जो कई समय से ऊबड़ खाबड़ और क्षतिग्रस्त स्थिति में था जिसे देवली उनियारा के विधायक श्री राजेन्द्र जी गुर्जर और देवली प्रधान बनवारी जी चौधरी की अभिशांश पर एस एफ सी योजना में स्वीकृत किया गया हे जिसकी स्वीकृत राशि 20 लाख रुपए है। इस रोड को अच्छी क्वालिटी में बनाया जा रहा हे ये जानकारी कार्य इंचार्ज शिव नंदन शर्मा ने दी कार्य पूर्ण होने पर मांडकला जाने वाले लोगों को धार्मिक स्थली पर पहुंचने में आसानी मिलेगी कार्य स्वीकृत होने पर कृष्णा पंडित, देव करण गुर्जर,राजेश राव,निखिल व्यास, जितेन्द्र सिंह, गणेश नामा,अरविन्द शर्मा, गोविंद नामा, हेमराज (कालू) माली, ज्ञान चंद कासलीवाल, आशीष जैन,बलवीर सिंह, आदि ने खुशी व्यक्त की।

## नेत्र रोग जांच ओर ऑपरेशन शिविर सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)** । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगर फोर्ट पर सदर जी आंखों का अस्पताल एवं अन्यथा निवारण समिति और नीमच आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र रोग जांच व आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।

कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपरोक्त समिति के तत्वाधान में आंखों से संबंधित बीमारियों का इलाज करने के लिए एवं जांच करने के लिए सिविल लगाया गया इस सिविल में कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को आर जी एच एस योजना के तहत मिलने वाली सरकारी सुविधा का भी लाभ मिला साथ ही साथ लोगों को आंखों से संबंधित बीमारी की जांच और इलाज का लाभ मिला।

दिल्ली-गंगापुर सिटी रेल खंड

# 'कवच' प्रणाली का उच्चस्तरीय निरीक्षण सफल, सुरक्षा मजबूत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** दिल्ली-मथुरा-गंगापुर सिटी रेल खंड में हाल ही में लागू की गई देश में विकसित स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली 'कवच' का बुधवार को रेलवे बोर्ड एवं रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विस्तृत उच्चस्तरीय निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। निरीक्षण दल का नेतृत्व रेलवे मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक (लोक शिकायत) विकास कुमार जैन, प्रमुख कार्यकारी निदेशक (सिग्नल एवं दूरसंचार - विकास) सौरभ बंदोपाध्याय तथा निदेशक (लोक शिकायत) सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण टीम ने ट्रेन संख्या 12060 में दिल्ली से गंगापुर सिटी तक यात्रा करते हुए कवच प्रणाली से जुड़े तकनीकी, सुरक्षा एवं व्यावहारिक मानकों का प्रत्यक्ष परीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आपात सूचना प्रणाली, स्वचालित ब्रेकिंग, गति नियंत्रण, कैब सिग्नलिंग, स्वचालित हॉर्न, स्पाड बचाव परीक्षण (सिग्नल उल्लंघन संरक्षण), स्पीड कंट्रोल, लूप लाइन स्पीड कंट्रोल जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण सम्पन्न किए गए, जिनके परिणाम पूरी तरह उत्कृष्ट और संतोषजनक प्राप्त हुए। आपातकालीन परीक्षण के तहत मुडेशीरामपुर स्टेशन से इमरजेंसी अलार्म सक्रिय किया गया, जिसके फलस्वरूप ट्रेन किलोमीटर संख्या 1233 पर स्वतः नियंत्रित होते हुए रुक गई। इसी क्रम में सेवर-पिंगोरा



सेक्शन में रेड (लाल) सिग्नल करके स्पाड बचाव परीक्षण किया गया, जिसमें ट्रेन आईबीएस सिग्नल से लगभग 33 मीटर पूर्व सुरक्षित रूप से रुक गई। हिंडोन स्टेशन पर लूप लाइन नंबर 01 के परीक्षण में 130 किमी/घंटा की गति से चल रही ट्रेन को प्रणाली द्वारा स्वचालित रूप से 15 किमी/घंटा की निर्धारित गति पर नियंत्रित कर दिया गया। साथ ही स्वचालित हॉर्न प्रणाली का समपार फाटक एवं तीव्र वक्र स्थलों पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, सिग्नल स्टाफ एवं अन्य फील्ड कर्मचारियों से संवाद कर संचालन संबंधी व्यावहारिक अनुभव, लाभ और चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की।

कवच प्रणाली के सतर्क, सुरक्षित और उत्कृष्ट संचालन हेतु लोको पायलट श्री मनोज कुमार मीणा एवं सहायक लोको पायलट श्री संजय कुमार सैनी को 10,000 का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा, गति शक्ति इकाई के मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता , सचिन शुक्ला, तथा विभागीय शाखा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक बालमुकुंद आचार्य ने किया ज्योतिष सम्मलेन के पोस्टर का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** 14 दिसम्बर को मां कामाक्षा ज्योतिष शोध संस्थान के द्वारा सवाई माधोपुर, राजस्थान मे होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन व धर्म संसद के लिए हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य (हाथोज धाम) द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया! इस मौके पर आयोजक टीम की ओर से मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर ज्योतिष सम्मेलन के आयोजक ज्योतिषाचार्य पं.ताराचंद शास्त्री (सवाई माधोपुर), श्रीकृष्णा ज्योतिष शोध संस्थान के संस्थापक आचार्य पं.भरतलाल शास्त्री ( जयपुर), नारायणलाल शास्त्री,राज शर्मा,जयपुर उपस्थित रहे। इस निःशुल्क ज्योतिष महासम्मेलन मे देश-विदेश से ज्योतिष,वास्तु,तंत्र-मंत्र,आयुर्वेद, टैरो कार्ड,कर्म-कांड,कथावाचक और हस्तरेखा आदि से संबंधित करीब 300 विद्वान भाग लेगे। यह कार्यक्रम एक दिवसीय होगा और इस सुअवसर पर सभी भाग लेने वाले सभी विद्वानो को दुपट्टा, प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संत समागम व धर्म संसद होगी।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित, 500 बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां माहेश्वरी समाज महिला संगठन के द्वारा चार विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में लगभग 500 बालिकाओं ने भाग लेकर आत्मरक्षा के गुर सीखे। महिला संगठन के अभियान का उद्देश्य केवल बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। तो वहीं बालिका और महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना एवं उन्हें सक्षम बनाने जैसे मकसद पर निर्भर था इस शिविर में बालिकाओं को गुरु सिखाए गए की किसी भी परिस्थितियों में बालिकाएं और महिलाएं स्वयं का संरक्षण कैसे कर सकती हैं इसकी जानकारियां दी गई शिविर में जिला अध्यक्ष कमलेश मूंदड़ा ने बताया कि अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के मार्गदर्शन पर यह कार्यक्रम प्रदेश,और जिला एवं स्थानीय स्तर पर संचालित हो रहा है।

शिविर का मकसद है कि महिलाएं अपनी शक्ति पहचानें एवम आत्मविश्वासी बनें और हर परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा करने में सक्षम बने । यह प्रशिक्षण देवली शहर के महात्मा गांधी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक तथा विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक महिला पुलिस कांस्टेबल गायत्री जाट एवं महिला कांस्टेबल रजिया बानो रहीं। दोनों महिला पुलिस कांस्टेबल ने अत्यंत प्रभावी, प्रायोगिक और सरल तरीकों से बालिकाओं को आत्मरक्षा की तकनीकिया सिखाईं। वहीं उक्त प्रशिक्षकों ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव और मोबाइल सुरक्षा, हेल्पलाइन की जानकारी तथा वास्तविक परिस्थितियों में उपयोगी आत्मरक्षा के कौशलों का अभ्यास भी करवाया।

## नीति आयोग द्वारा आशान्वित ब्लॉक रैंकिंग में गंगापुर सिटी की बड़ी उपलब्धि

### बेहतर प्रदर्शन पर विकास कार्य हेतु मिला 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत जारी सितम्बर, 2025 की रैंकिंग में जिले के गंगापुर सिटी आशान्वित ब्लॉक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जोन-4 में प्रथम एवं राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय सुधारों के आधार पर ब्लॉक को 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया गया है, जो आगे विकास कार्यों को गति देगा।

यह उपलब्धि स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के 39 परिणाम आधारित संकेतकों में उल्लेखनीय सुधारो का परिणाम है। विभिन्न विभागों, फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों के कारण ब्लॉक ने तेज गति से प्रगति दर्ज की है।

इस अवसर पर जिला कलक्टर काना राम एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने मुख्य आयोजना अधिकारी विजेन्द्र जाट, उपखण्ड अधिकारी गंगापुर सिटी बृजेन्द्र मीना, ब्लॉक विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर, ब्लॉक फेलो यशस्वी अग्रवाल एवं गंगापुर सिटी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह रैंकिंग जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन, सतत् निगरानी, डेटा-आधारित योजना निर्माण एवं बेहतर समन्वय का परिणाम है।

## कल से खुलेगी मोरेल बांध नहर, सम्भागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने ली जल वितरण समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 के दौरान रबी की फसल हेतु मोरेल बांध के सिंचित क्षेत्र में सिंचाई के लिए सुव्यवस्थित जल वितरण व्यवस्था का कार्यक्रम तय करने हेतु सम्भागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. टीना सोनी की अध्यक्षता में जल वितरण समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

सम्भागीय आयुक्त भरतपुर ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं काश्तकारों से चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रबी फसल वर्ष 2026 की सिंचाई हेतु 21 नवम्बर को प्रातः 11 बजे मोरेल बांध नहर को खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि नहरों के संचालन में बाधा उत्पन्न करने या नहरों को क्षतिग्रस्त करने



का कार्य करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में जिला कलक्टर काना राम, जिला कलक्टर दौसा देवेन्द्र कुमार, डीएसपी उदय सिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत जयपुर रमाशंकर शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खण्ड सवाई माधोपुर अरूण शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खण्ड दौसा मांगीलाल मीना, किसान सभा जिलाध्यक्ष कानजी मीणा, पूर्व सरपंच मुकेश मीणा, चिरंजी मीणा, शयोराम मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, जल वितरण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

21वीं किस्त पाकर किसानों में खुशी की लहर

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त पहुंची किसानों के खाते में

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** वनस्थली विद्यापीठ के कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया गया। जिसको देखकर किसानों में खुशी की लहद दौड गई।

केन्द्र के प्रभारी बंशीधर चौधरी ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत करीब 18 हजार करोड रूपये की धनराशि सीधे किसानों के खाते में हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना छोटे एवं सीमान्त किसानों के लिए आर्थिक आधार पर प्रदान करने वाली अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है।

21वीं किस्त के रूप में मिली यह सहायता किसानों को रबी फसल की तैयारी और आवश्यक कृषि निवेश करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि कृषि



विज्ञान केन्द्र का उद्देश्य ना केवल योजना की जानकारी देना हैं, बल्कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकी से भी जोडना है ताकि वह कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। कृषि विज्ञान केन्द्र लगातार किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य पोषक तत्वों का सन्तुलित उपयोग, जल संरक्षण की तकनीकों पर मार्गदर्शन प्रदान करता आ रहा है। प्रसारण के साथ ही साथ केन्द्र में वैज्ञानिको ने रबी फसलों की उत्पादन तकनीकी पर विस्तृत चर्चा की।

केन्द्र के वैज्ञानिकों ने समन्वित खरपतवार नियन्त्रण, समन्वित पोषक तत्व प्रबन्धन एवं समन्वित कीट व रोग नियन्त्रण के साथ उद्यानिक फसलों एवं पशु प्रबन्धन एवं फल सब्जियों का मानव आहार में महत्व की तकनीकी की जानकारी दी गई। आत्मा के उपनिदेशक दिनेशकुमार बैरवा ने कृषि में आत्म निर्भरता के बारे में किसानों को तकनीकी ज्ञान दिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पलेई के प्रशासक भवानीशंकर राजावत व वनस्थली प्रशासक रविकान्त पुरोहित सहित कई जनप्रतिनिधियों ने किसानों के साथ कृषक सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों के करीब 300 से ज्यादा किसानों भाग लिया।

# शराब तस्करी का सिल्क रूट और जब्ती कार्रवाई कभी-कभार

- थानाधिकारी तबादले के बाद मंडार में पकड़ी लाखों की शराब
- तस्करों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रही पुलिस व आबकारी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** मंडार में मंगलवार देर शाम शराब तस्करी पर हुई कार्रवाई ने पुलिस व आबकारी की कार्यशैली को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। तस्करी का सिल्क रूट होने के बावजूद पुलिस लम्बे समय से खाली हाथ ही रही। हाल ही में थानाधिकारी के तबादले के बाद शराब बरामदगी की यह बड़ी कार्रवाई सोचने को मजबूर करती है। हालांकि यह कार्रवाई पुलिस ने ही की है तथा भारी मात्रा में शराब जब्त की गई, लेकिन इस रूट पर शराब तस्करों के खिलाफ लम्बे समय बाद कार्रवाई हुई है। आबकारी महकमा तो पिछले दिनों महज एक कार बरामदगी के बाद से ही संतुष्ट नजर आ रहा है।

### नहीं रूक रही मैथीपुरा के रास्ते तस्करी

मंडार में मैथीपुरा क्षेत्र लम्बे समय से शराब तस्करी का अड्डा बना हुआ है। ठेकों की आड़ में शराब को आसानी से गुजरात पहुंचाया जा रहा है। मैथीपुरा के रास्ते शराब तस्करी का मामला दिशा कमेटी की बैठक में सांसद खुद उठा चुके हैं, लेकिन न तो पुलिस ने कार्रवाई की और न आबकारी रोक पा रही।

### कार पकड़ना ही मानों बड़ी कार्रवाई

हाल ही में आबकारी ने मंडार क्षेत्र के मोरवाड़ा गांव के समीप एक कार से पंजाब निर्मित शराब बरामद की थी। इस उपलब्धि को दर्शाने के लिए पूरे जिले का जाब्ता दिखा दिया और जिला आबकारी अधिकारी खुद भी फोटो सेशन में पहुंच गए। यहां तक कि इस मामले को सेंसेटिव दिखाने की खातिर यह भी दर्शाया कि कार टक्कर मारकर भागने का प्रयास कर रही थी, जिसे घेरकर पकड़ लिया गया। वैसे कार पर कहीं कोई खरोंच तक नहीं आई।

### इतने समय से मूकदर्शक क्यों बने रहे

वैसे मंडार से कुछ किमी आगे गुजरात में पांथावाड़ा थाना पुलिस लगातार शराब भरे वाहन पकड़ रही है। मंडार क्षेत्र से गुजरात में प्रवेश करने वाले वाहनों को पांथावाड़ा में पकड़ा जा रहा है। कुछ दिनों पहले ही बड़ी मात्रा में शराब पकड़ी जा चुकी है। इसके बावजूद मंडार थाना पुलिस इतने समय से मूकदर्शक क्यों बनी रही यह कहना मुश्किल है।



**शराब भरा कंटेनर जब्त, दो गिरफ्तार**

मंडार थाना पुलिस ने मंगलवार देर शाम कंटेनर जब्त कर पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के 286 कर्टन बरामद किए। पुलिस के अनुसार नाकाबंदी के दौरान रेवदर की ओर से आ रहे कंटेनर को पकड़ा। इसमें कर्टन में काला पावडर भरा हुआ था। पाउडर के नीचे शराब के कर्टन मिले। मामले में चालक बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना खारी निवासी सोनाराम पुत्र सुखाराम जाट व उसके साथी सरूपाराम पुत्र देवाराम जाट को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में एएसआई दिनेशकुमार रावल, कैलाशचंद, गणेशराम, मोतीराम, मुकेशकुमार, मूलाराम, कुलदीपसिंह आदि शामिल रहे।

## एनएच पर गड्ढों से बढ़ रहे हादसे, बेकाबू ट्रोलर पलटा

### यातायात जाम रहने से लगी रही वाहनों की लम्बी कतार



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रेवदर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनादरा के समीप बुधवार को बेकाबू ट्रोलर पलट गया। हादसा एनएच पर पड़े गड्ढों के कारण होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अनादरा थाना क्षेत्र में सनवाड़ा गांव के समीप कोयले से भरा ट्रेलर पलट गया। बीस रास्ते में टशेलर पलटने से आमने-सामने वाहनों की लम्बी कतार लग गई। प्रत्याक्षदर्शियों ने बताया कि राजमार्ग पर गडढे बने होने से वाहनों का संतुलन बिगड़ रहा है। ऐसे में ट्रोलर अनियंत्रित होकर पलट गया। टशेलर कोयला लेकर गुजरात से जयपुर की ओर जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा व्यवस्थाएं संभाली। एक-एक कर वाहनों को निकाला गया। वाहनों का जाम काफी देर तक रहा।

### बजट मिला पर काम न हुआ

उल्लेखनीय है कि रेवदर-मंडार एनएच की मरम्मत के लिए गत वर्ष अक्टूबर माह में करीब पांच करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे। इसके बाद भी न तो गड्ढों की मरम्मत हुई और न राहत मिल पाई। गड्ढों के कारण करीब 70 किमी का राजमार्ग वाहन चालकों के लिए दुखदायी बना हुआ है।

## एसआईआर कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश

### जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** नगर पालिका शिवगंज सभागार में एसआईआर की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक हुई। अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने की। उन्होंने एसआईआर के तहत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की समीक्षा की। कार्य में न्यूनतम प्रगति वाले बीएलओ की पहचान एवं उनके कार्य में प्रगति लाने सम्बन्धी बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बीएलओ को फील्ड कार्य में आ रही समस्याओं को रेखांकित करने एवं उनके निदान पर भी चर्चा की। मतदाताओं को गणना प्रपत्रों पर जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार के सम्बन्ध में निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश गोयल, उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र, विकास अधिकारी मुलेन्द्रसिंह, तहसीलदार आसुराम, सीबीईओ जब्बरसिंह राव, प्रधानाचार्य अशोक परमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## गजसिंहपुर पुलिस की बड़ी सफलता ,10 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गजसिंहपुर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले दस वर्षों से फरार वांछित आरोपी (स्थाई वारंटी) विजय पाल पुत्र माडूराम मेघवाल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी शालू बिश्नोई के निर्देशन में गठित टीम ने लगातार की गई सतर्क निगरानी और प्रयासों के बाद आरोपी को दबोचा। आरोपी लम्बे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था और कई बार गिरफ्तारी से बच निकलता रहा। इस पूरी कार्रवाई में महावीर प्रसाद कानि की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने तकनीकी एवं मैदानी जानकारी का उपयोग करते हुए आरोपी की लोकेशन का पता लगाया और टीम को सफलता दिलाई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय एसीजेएम रायसिंहनगर तथा न्यायालय पदमपुर में पेश किया, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में सराहना मिल रही है, साथ ही फरार अपराधियों पर नकेल कसने के लिए अभियान को प्रभावी कदम बताया जा रहा है।

## प्रदेशभर में शहरी उपभोक्ताओं की जेब का भार हटाया

### पेयजल-सीवरेज के लिए अब नहीं देने पड़ेंगे 8100 रुपए

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पंचायतराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने जयपुर में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मुलाकात कर सिरोही जिले की समस्याओं को लेकर मुलाकात की। साथ ही जिले में पीएचईडी विभाग एवं जल जीवन मिशन से सम्बन्धित प्रगति पर चर्चा की। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने सिरोही जिले में रिक्त चल रहे पदों को भरे जाने का आग्रह किया। चतुर्थ चरण पेयजल सीवरेज परियोजना के तहत शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं से लिए जा रहे 8100 रुपए की राशि भी सरकार से व्यय किए जाने का अनुरोध किया। इस पर जलदाय मंत्री ने शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बताया कि प्रदेशभर में शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं से यह शुल्क अब नहीं लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं से यह राशि वसूली जा रही है, जिसे माफ करवाए जाने का लोगों ने राज्यमंत्री से आग्रह किया था। इस पर राज्यमंत्री ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को राहत देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था करवाई।

## इनरव्हील उदयपुर दीवाज का सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** इनरव्हील ग्रुप ऑफ उदयपुर दीवाज ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें क्लब की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाउंडर रेखा भाणावत ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। पूर्व अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने ट्रैफिक संकेतों, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, मोबाइल का उपयोग न करने, तथा तेज रफ्तार से वाहन चलाने के खतरों जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने शहर में लोगों से संवाद कर इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में ट्रैफिक इंस्पेक्टर मदन गेहलोत, मेजर देवकिशन जी, वार्गीज मॉर्श के आईटी हेड ओजस शुक्ला, एसआर एंटरप्राइजेज के प्रोजेक्ट हेड राजेंद्र माली (राजन), कॉन्स्टेबल सुमैर और मुकेश, तथा हेड कॉन्स्टेबल तेज सिंह जी ने अपनी उपस्थिति और सहयोग के माध्यम से अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं और नागरिकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। क्लब सचिव शशि मेहता, उपाध्यक्ष आशा श्रीमाली, ललिता बापना, विनीता पामेचा,बेला व्यास, लीना डांगी, सुनीता बोकडिया, चंदा डागलिया आदि मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी की जयन्ती पर श्रद्धांजली अर्पित की

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी के नाम से सुप्रसिद्ध इंदिरा गांधी की जयंति पर आज रक्षाबंधन धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। गोष्ठी को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने देश को निर्णायक क्षणों में मजबूत नेतृत्व प्रदान किया। शर्मा ने उनके प्रमुख योगदानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बैंक राष्ट्रीयकरण द्वारा देश की आर्थिक दिशा को आमजन के हितों के अनुरूप बदला। ग्रीन रेवोल्यूशन से भारत को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की आधारशिला रखी। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाकर विश्व पटल पर भारत की ताकत स्थापित की। पोखरण परमाणु परीक्षण की रणनीतिक नींव रखकर भारत को वैश्विक शक्तियों की श्रेणी में आगे बढ़ाया। गरीबी हटाओ आंदोलन के माध्यम से सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का नेतृत्व आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है और राष्ट्र के विकास में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। कार्यक्रम में पारस मल जैन, योकल कांतिवाल, संजय मंदवानी, कृपा शंकर मिश्रा, चैखा राम, कालू बापू जैन, गिरीश माहेश्वरी, विजय पांडियार, सुभाष चित्तौड़ा, योगेश शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## भागवत कथा के समापन पर हवन की पूर्णाहुति के साथ भंडारा आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के ढाणी कुशालगढ़ में बाली के तिबारा स्थित संत शिरोमणि परम पूज्य त्यागी महाराज के आश्रम में महंत ब्रह्मानाथ महाराज के सान्निध्य में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन बुधवार को हवन की पूर्णाहुति व भंडारे के साथ हुआ। इस दौरान विद्वानों ने वेदमंत्रों के बीच हवन की पूर्णाहुति करवाई। कथा व्यास वैष्णव आचार्य पहलाद दासजी शास्त्री ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं।

## सर्दियों में बढ़ रही पशु बीमारियाँ, विभाग ने तकनीकी जागरूकता अभियान शुरू किया

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** सर्दियों के मौसम में तापमान तेजी से गिरने के कारण मवेशियों में पाश्चुरेल्ला हिमोलाईटिका संक्रमण, पीपीआर, खुरपका-मुंहपका तथा मिश्रित संक्रमण जैसी बीमारियाँ आम हो जाती हैं। इन गंभीर रोगों से पशुपालकों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। ऐसे में विभाग द्वारा समय पर जागरूकता और तकनीक आधारित पहल को शुरू किया गया है। क्षेत्रीय पशु चिकित्सक डॉ. पुष्पेंद्र सराधना ने बताया कि विभाग ने सर्दियों में होने वाले संक्रमणों से बचाव के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत हर पशु चिकित्सक को अपने-अपने क्षेत्र में पशुपालकों तक आवश्यक जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियों में पौष्टिक, वसा युक्त आहार, गुणवत्तापूर्ण हरा चारा, साफ-सुथरा शेड, गुनगुना पानी और ठंड



से सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। प्रागपुरा पशुधन निरीक्षक संजय कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में उपलब्ध स्थानीय सामग्री—भूसी, चारा, बिजौरी, दाना, सरसों/अलसी की खली का किस प्रकार संतुलित उपयोग कर पशु स्वस्थ रखे जा सकते हैं, इसकी विस्तृत जानकारी भी समय-समय पर पशुपालकों से साझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्दियों में मवेशियों की देखभाल में थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर बीमारियों का रूप ले सकती है। इसलिए पशुपालकों को जागरूक करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लाइव स्टॉक इंस्पेक्टर गोविंद भारद्वाज ने बताया कि नवजात बछड़ों और छोटे पशुओं में ठंड का प्रभाव अधिक होता है। इसलिए उन्हें ठंड से बचाव, शेड की नमी नियंत्रण, परजीवी नियंत्रण, टीकाकरण की समय-सारणी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी लगातार उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि केवल वाट्सऐप ही नहीं, बल्कि वन-टू-वन बातचीत, ग्राम स्तर पर संपर्क, रेडियो वार्ता और प्रचार माध्यमों का उपयोग भी किया जाएगा, ताकि कोई भी पशुपालक जानकारी से वंचित न रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि सर्दियों में बीमारियों का खतरा अधिक रहता है, इसलिए जागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक है। तकनीक की मदद से जानकारी तेजी से और सीधे पशुपालकों तक पहुंचेगी, जिससे क्षेत्र का पशुधन स्वस्थ और सुरक्षित रह सकेगा।

## छठा राष्ट्रीय जल पुरस्कार : श्रीगंगानगर के खरलां जल उपयोक्ता संगम को तृतीय पुरस्कार

### जिला कलक्टर ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राजस्थान के जल संरक्षण और संचयन के कार्य राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना रहे हैं। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा घोषित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों-2024 में खरलां जल उपयोक्ता संगम, श्रीगंगानगर ने सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ श्रेणी में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है। इस पर जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने जल संसाधन विभाग एवं जल उपयोक्ता संगम खरलां को बधाई व



शुभकामनाएं दी है। जल संसाधन विभाग के एसई धीरज चावला ने बताया कि गत दिवस नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ जल उपयोक्ता संगम की श्रेणी में तृतीय स्थान पर रही गंगनहर प्रणाली की जल उपयोक्ता संगम खरलां को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी आर पाटिल द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानस्वरूप प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और नकद राशि 1 लाख रूपये जल उपयोक्ता संगम खरलां को प्रदान किये गये।

पुरस्कार हेतु जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष श्री जसकौर सिंह रमाणा, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता श्री विजय कांटीवाल मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर के खरलां जल उपयोक्ता संगम ने नहरों व खालों की सफाई, लोगों को वसूली कैंप के प्रति जागरूक करना, काश्तकारों के हित में उनको नई तकनीक से अवगत करवाने जैसे उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इन कार्यों के माध्यम से आमजन में जल के महत्व के प्रति जागरूकता आई है।

पुरस्कार ग्रहण करने के पश्चात जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष श्री रमाणा ने जिला कलक्टर डॉ. मंजू और जिला प्रशासन का मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार भी जताया।

# वैज्ञानिक पशुपालन एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किसानों के लिए वैज्ञानिक पशुपालन आय का उत्तम स्त्रोतः- डॉ. राजकुमार बेरवाल



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** 19 नवम्बर 2025 को पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के अंतर्गत कार्यरत पशु विज्ञान केंद्र, सूरतगढ़ द्वारा माननीय प्रधानमंत्री किसान सामान निधि योजना की 21वीं किस्त के तहत किसानों को 18 हजार करोड़ की सम्मान राशि का स्थानान्तरण कार्यक्रम का ऑनलाईन प्रसारण सूरतगढ़ क्षेत्र के पशुपालकों को पशु विज्ञान केन्द्र, सूरतगढ़ प्ररिसर में दिखाया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी डॉ. राजकुमार बेरवाल ने बताया की विभिन्न सरकारी योजनाओं, तकनीकों को अपनाने और बाजार से जुड़ने जैसी रणनीतियों के माध्यम से हासिल करने का प्रयास कर लाभ उठा सकते है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) जैसी योजनाओं से सीधे वित्तीय सहायता, आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग, पशुपालन और कृषि-पर्यटन जैसे वैकल्पिक आय स्त्रोतों का विस्तार, और बेहतर बाजार संपर्क शामिल हैं। डॉ. बेरवाल द्वारा पशुपालन का वैज्ञानिक प्रबन्धन सम्बन्धित जानकारी दी गई। जिसमें बेरवाल जी ने बताया की संतुलित आहार पशुओं के गर्भावस्था एवं दूध उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है वैज्ञानिक प्रबंधन की कमी के कारण पशुपालकों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है सर्दियों में पशुओं की देखभाल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अलावा अजोला हरा घास को लगाने तथा खिलाने की विधि के बारे में बताया और पशुओं में होने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे खुर पका, मुंह पका, गलगोटू, लंगड़ा बुखार, टीकाकरण और पेट के कीड़े की दवा का महत्व विस्तार से बताया केंद्र द्वारा संचालित प्रयोगशाला में होने वाली निशुल्क दूध, मूत्र, गोबर की जांच के बारे में पशुपालकों को विभिन्न जानकारियां दी गई और जांच के लिए पशुपालकों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में पशुपालकों ने प्रश्न पूछे तथा उनका निवारण किया गया।

## मांगरोल क्षेत्र मे लालमूंह के बंदरों के आतंक से परेशान मोहल्ले वासियों मे दहशत का माहौल

बढ़ता राजस्थान



**अंता (शफीक मंसूरी)।** मांगरोल दरवाजा, लाल भेरुजी चौक के पास लाल मूंह के बंदरों के आतंक से मौहल्ले वासी परेशान हैं कई लोगों को घायल कर चूका है शहर के बाजारो, मोहल्लो और आसपास के क्षेत्रों में लाल मुंह वाले बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह 6 बजे से ही बंदरों के झुंड घरों की छतों और गलियों में धमाचौकड़ी मचाते नजर आते हैं। यह बंदर न केवल लोगों के घरों में घुसकर सामान उठा ले जाते हैं, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों पर हमला करने से भी नहीं चूकते। रसोई से खाने का सामान, कपड़े समेत अन्य जरूरी वस्तुएं लेकर बंदर भाग जाते हैं। इसके चलते लोगों को दिनभर सतर्क रहना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों का अकेले बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।मोहल्ले वासी इकबाल नेता ने बताया कि आज अजीजा बाई अपने घर की छत पर बैठी थी कि लाल मूंह के बंदरों ने हमला कर लहू लुहान कर दिया, मोहल्ले वासीयों द्वारा बड़ी तत्परता से छुड़ाया गया, जिससे ज्यादा चोटे नहीं आईं वरना बड़ा हादसा हो सकता था मोहल्ले वासीयों का घर की छतों पर बैठना मुश्किल हो रहा है,हाल ही में एक बिल्ली को भी इन बंदरों द्वारा हमला कर लहुलुहान कर दिया जिसे अपनी जान से हाथ धोना पड़ा प्रशासन को कई बार शिकायत करने के बावजूद इन बंदरों को पकडने का कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं, मोहल्ले वासी प्रशासन की इस घोर लापरवाही से परेशान हैं।

## विभिन्न सेवा कार्यों में महत्ते योगदान पर नवल योग सेवा संस्थान की निदेशक डॉ. मीना बाबेल 'नारी शक्ति सम्मान' से सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नवल योग सेवा संस्थान की निदेशक डॉ. मीना बाबेल को महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न सेवा कार्यों में महत्ता योगदान प्रदान करने पर नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। जानकारी अनुसार एमिनेंस अवॉर्ड सेरेमनी के अंतर्गत नारी शक्ति सम्मान का यूनिवर्सिटी गेस्ट हाउस में आयोजन किया गया।जिसमे नवल योग सेवा संस्थान की निदेशक डॉ. मीना बाबेल को लियो सलाहकार,शी शक्ति चेयरपर्सन सहित इंडियन योगा एसोसिएशन उदयपुर चैप्टर के सचिव पद पर रहते हुवे विभिन्न सेवा कार्यों में महत्ती सेवाएं प्रदान करने के साथ महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने के क्रम में नारी शक्ति से सम्मानित किया गया। इस दौरान कैट अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलुंडिया,गीतांजलि मेडिकल कॉलेज प्रतिनिधि दीपमाला मेवाड़ा,डॉ. बलदीप कौर,डॉ. ज्योत्सना,मयूरा मेहता आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।साथ ही मंचासिन अतिथियों द्वारा डॉ. मीना बाबेल को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। डॉ. मीना बाबेल द्वारा विभिन्न संस्थानों के महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुवे लंबे समय से समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण में अपना योगदान प्रदान किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट की तैयारियाँ तेज

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने नगर निगम परिसर स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड का निरीक्षण किया और अप्रैल 2026 में प्रस्तावित नेशनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट की तैयारियों में जुटे खिलाडियों से मुलाकात की। उन्होंने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने ग्राउंड की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अजय भंडारी, संरक्षक प्यारेलाल खोईवाल और लक्ष्मी नारायण डाड ने विधायक का स्वागत किया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए ग्राउंड में कुछ आवश्यक सुधार कार्य किए जाने हैं। संघ की मांगों पर विधायक कोठारी ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि भीलवाड़ा के लिए राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का आयोजन गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि ग्राउंड से जुड़े सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाएगा, ताकि खिलाडियों को सर्वोत्तम सुविधाएँ मिल सकें। निरीक्षण कार्यक्रम में मनोज, संजय राठी, कमल कोठारी, हिमांशु शुक्ला सहित कई कार्यकर्ता और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## सांसद खेल महोत्सव : ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल समापन

# ड्रीम 11 क्रिकेट टीम करेगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में निम्बाहेड़ा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** सांसद खेल महोत्सव-2025 के अंतर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ। फाइनल मुकाबला महादेव क्रिकेट क्लब एवं ड्रीम 11 क्रिकेट टीम के मध्य खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए ड्रीम 11 टीम विजेता बनी। इसके साथ ही ड्रीम 11 क्रिकेट टीम अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में निम्बाहेड़ा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नौलखा ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमताओं को बढ़ाते हैं बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन युवा पीढ़ी को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को शुभकामनाएँ देते हुए जिले में खेल संस्कृति को और मजबूत बनाने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा संयोजक एवं पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि निम्बाहेड़ा के युवा खेलों के प्रति लगातार उत्साह दिखा रहे हैं। ऐसी प्रतियोगिताएँ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के खिलाडियों को समान मंच देकर आगे बढने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी खिलाडियों, शारीरिक शिक्षकों एवं आयोजन टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री नीलेश मेहता, कमलेश बुनकर, विकास साहू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा विजेता ड्रीम 11 टीम एवं उपविजेता महादेव क्रिकेट क्लब को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह के अंत में अतिथियों द्वारा सांसद खेल महोत्सव में विशेष योगदान देने वाले शारीरिक शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर बैठकर अभिनंदन किया गया। इस सम्मान ने शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सांसद खेल महोत्सव के नगर संयोजक अतुल सोनी ने समापन सत्र में अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। खिलाडियों व खेल प्रेमियों की उपस्थिति में कार्यक्रम उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

## मसूदा विधानसभा के चार उत्कृष्ट बीएलओ सम्मानित मतदाता परिगणना डिजिटाइज़ेशन में बनाए नए मानक













बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर (अनिल सिखवाल)। गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला ब्यावर के 104-मसूदा विधानसभा क्षेत्र के चार बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाता परिगणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सर्वप्रथम पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। बेहतरीन कार्यकुशलता और समयबद्धता के आधार पर राज्य निर्वाचन विभाग, जयपुर द्वारा इन चारों बीएलओ का चयन सम्मानित होने हेतु किया गया है। यह सम्मान 20 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाली स्ढ्वक्र-2026 समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया जाएगा।जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने सभी चयनित बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सजगता और दक्षता निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अन्य बीएलओ को भी इसी तर्ज पर तेजी और लगन से कार्य पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

### सम्मानित होने वाले बीएलओ (शिक्षा विभाग)

गोपाल बैरवा — भाग संख्या 66,
मुकेश रायका — भाग संख्या 95
प्रेम सिंह — भाग संख्या 273
कमला — भाग संख्या 215

मतदाता परिगणना प्रपत्रों के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन को समय पर पूर्ण करने पर इन चारों बीएलओ को जिला स्तर पर भी विशेष सराहना प्राप्त हुई है।

## प्रदेश में कर्मचारियों की आत्महत्याओं से हड़कंप

### महासंघ ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** राजस्थान में पिछले पांच दिनों में दो सरकारी कर्मचारियों द्वारा मानसिक और प्रशासनिक दबाव के चलते आत्महत्या किए जाने की घटनाओं ने पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में गहरा रोष पैदा कर दिया है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने इन्हें संस्थागत हत्या करार देते हुए दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की है। भीलवाड़ा के शाहपुरा क्षेत्र में ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा ने 11 नवंबर को उत्पीडन से तंग आकर जीवन समाप्त कर लिया। इसके पांच दिन बाद जयपुर के झोटवाड़ा क्षेत्र में बी एल ओ मुकेश कुमार जांगिड़ ने चुनावी कार्यों के अत्यधिक दबाव और चेतावनियों से परेशान होकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। महासंघ का कहना है कि कई अधिकारी व्हाट्सएप ग्रुपों में दिन-रात कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाते हैं, जिससे संवेदनशील कर्मचारी मानसिक रूप से टूट जाते हैं। महासंघ ने इन घटनाओं को गंभीर बताते हुए प्रमुख मांगें रखी हैं—दोषी अधिकारियों की सात दिनों में गिरफ्तारी, दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को 50 लाख रुपये की सहायता, सोशल मीडिया पर प्रशासनिक धमकियों पर रोक, अवकाश के दिनों में जबरन कार्य कराना बंद करना और निर्धारित ड्यूटी समय के बाद व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से आदेश भेजने पर प्रतिबंध लगाना। महासंघ ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। 18 नवंबर को मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा गया, वहीं पूरे प्रदेश में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्यरत रहे। 19 नवंबर को सभी निर्वाचन और उपखंड कार्यालयों पर श्रद्धांजलि सभा व आक्रोश प्रदर्शन होगा, जिसके बाद उपखंड अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन के चौथे चरण की घोषणा जल्द की जाएगी। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने मांगों पर संज्ञान नहीं लिया, तो कर्मचारी अधिकारियों के सभी व्हाट्सएप समूहों से सामूहिक रूप से बाहर निकलकर आंदोलन को और तेज करेंगे।

## इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती पर बुधवार को ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा लायंस गार्डन, नगर परिषद कार्यालय के सामने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष अशोक रांका के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को नमन किया।कार्यक्रम में प्रदेश सचिव कल्पना भटनागर ने संगठन में एकता, अनुशासन और सामूहिक शक्ति पर जोर दिया। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज चौहान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाएँ आमजन के लिए आशा का आधार रही हैं, जिन्हें पुनः धरातल पर लाना समय की मांग है।महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव एड. राजकुमारी तंवर, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव भुवनेश शर्मा, पूर्व पार्षद श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. अरविंद माथुर सहित अन्य वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष मतदान व्यवस्था लोकतंत्र की आत्मा है।

## भीलवाड़ा में 'न्याय आपके द्वार' विशेष अभियान शुरू

# स्थायी लोक अदालतें बनीं त्वरित न्याय का सशक्त माध्यम

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के 30 वर्ष पूर्ण होने पर तीन माह के विशेष रालसा नवाचार अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा अभय जैन तथा सचिव विशाल भार्गव ने न्याय आपके द्वार जन-जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने बताया कि राजस्थान में संचालित स्थायी लोक अदालतें लोक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यहां न लंबे मुकदमे की आवश्यकता होती है, न विस्तृत साक्ष्य की। आपसी सुलह के आधार पर विवादों का निस्तारण किया जाता है। विपक्षी पक्ष अनुपस्थित होने पर भी गुण-दोष के आधार पर निर्णय दिया जा सकता है। यह निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है तथा इस पर अपील का प्रावधान नहीं है। पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है और पक्षकारों को वकील रखने की आवश्यकता भी नहीं पड़ती। क्षतिपूर्ति का प्रावधान भी उपलब्ध है। जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष राजेश शर्मा एडवोकेट ने आमजन से इस अभियान से जुडने का आह्वान करते हुए कहा कि रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान के लिए स्थायी लोक अदालतें अत्यंत उपयोगी मंच हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला अभिभाषक संस्था विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जनहित में हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। सचिव विशाल भार्गव ने स्कूलों की बाल वाहिनी वाहनों में सुरक्षा सुनिश्चित करवाने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता और जिम्मेदारी दोनों आवश्यक हैं और प्राधिकरण इस दिशा में लगातार कार्यरत रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर लोगों को राहत दी गई। कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के न्यायाधीशगण, जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य, न्यायिक कर्मचारी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। संचालन अधिवक्ता अशोक जैन ने किया।

## ब्यावर पुलिस की बड़ी सफलता : नकबजनी गिरोह के 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



ब्यावर (अनिल सिखवाल)। ब्यावर शहर में लगातार हो रही नकबजनियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्यावर सिटी पुलिस ने तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर 20 गैस सिलेंडर, 4 पानी की मोटर, 1 बैटरी तथा 4 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपी शौक-मौज के लिए चोरी की वारदातें अंजाम देते थे। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देश, एएसपी भूपेंद्र शर्मा तथा डीएसपी राजेश कसाना के सुपरविजन में थानाधिकारी आशुतोष पांडे की टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, सूचना संकलित की और मुखबिर की जानकारी के आधार पर आरोपियों को दबोचा। आरोपियों की निशानदेही से चोरी का संपूर्ण माल जब्त किया गया घटना 15 नवंबर की है, जिसमें प्रार्थी भगवान सिंह की तीन गैस टंकियाँ चोरी हुई थीं। मामले में अनुसंधान के दौरान पुलिस ने सुरज, विजय उर्फ अमित और राहुल को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, उनके द्वारा शहर में हुई अन्य चोरी की वारदातें भी खुलने की संभावना है।

**गिरफ्तार आरोपी :** सुरज (20), विजय उर्फ अमित (23), राहुल (25) - सभी निवासी फतेहपुरिया व आसपास के क्षेत्रों के।

**पुलिस टीम में शामिल :** थानाधिकारी आशुतोष पांडे, सउनि उमराव खां, कानि अशोक, हेतराम, जुगल (विशेष योगदान), मनीष सहित पुलिस थाना ब्यावर सिटी की टीम। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## बकाया ऋणधारी एकमुश्त समाधान योजना का उठाएं लाभ

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़, (नि.स.)।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. द्वारा संचालित एनएसएफडीसी, एनएसटीएफडीसी, एनएसकेएफडीसी, एनडीएफसी एवं एनबीसीएफडीसी योजना में ऋण प्राप्त करने वाले आशार्थियों को बकाया ऋण चुकाने में राहत हेतु राज्य सरकार द्वारा एकमुश्त समाधान योजना 2025 की घोषणा की गई हैं। उक्त योजना में 31 मार्च 2024 से पूर्व में वितरित ऋण के विरूद्ध बकाया चल रही ऋण वसूली राशि में 31 अक्टूबर 2025 तक साधारण ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई थी।

# पीएम फसल बीमा योजना गड़बड़झाला एसडीएम से मिला शिष्टमंडल

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां (नि.स.)।** पीएम फसल बीमा योजनान्तगत अधिकृत कम्पनी द्वारा नैनवां क्षेत्र में जारी किये गये रेडम नम्बरो में क्रोप कंटिग की तथ्यात्मक रिर्पोट बताये जाने, कम्पनी के प्रतिनिधियो द्वारा किसानो से आइडी लेकर खाली फार्म पर हस्ताक्षर करवाये जाने सहित 31 अक्टूबर को किसान महापंचायत द्वारा जिला कलक्टर के नाम दिया गया ज्ञापन में कार्यवाही की जानकारी को लेकर किसान महापंचायत के जिलाध्यक्ष तुलसीराम सैनी, जिला महामंत्री कजोड़मल धाकड़, तहसील अध्यक्ष भरतराज मीणा,चेतराम धाकड़ सहित अन्य पदाधिकारियो का एक षिश्टमंडल नैनवां उपखण्ड अधिकारी से मिले। उपखण्ड अधिकारी भागचंद रैगर ने किसानो द्वारा दिया गया ज्ञापन के संदर्भ में जिला कलक्टर से जानकारी लेकर षीघ्र ही कार्यवाही किया जाने का आष्वास दिया गया। किसानो की मांग- खरीफ सीजन 2024 में फसल खराबे का आपदा कोश एंव प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम जिन किसानो को मिला उनकी सूची सार्वजनिक करके पंचायत मुख्यालय पर चस्पा की जावे साथ ही प्रत्येक पटवार मंडल क्रोप कंटिग की जॉच की जावे। जॉच उपरान्त जो भी दोशी कार्मिक पाये जावे उनके खिलाफ कार्यवाही की जावे। खरीफ सीजन 2023 में फसल की राजस्व गिरदावरी में 47 प्रतिषत खराबा राजस्व रिकोर्ड में दर्ज होने के बाद भी किसानो को मुआवजा नहीं दिया गया। वर्श 2024 में खरीफ फसल की गिरदावरी में 60प्रतिषत फसल खराबा राजस्व रिकोर्ड में दर्ज है,जबकी सभी किसानो को मुआवजा नहीं दिया गया। इसकी जॉच करके षेश रहे किसानो को त्वरित मुआवजा दिया जावे। बीमा कंपनी द्वारा वर्श 2024 में सीजन खरीफ फसल में अतिवृश्टी से किसानो की फसले नश्ट हो जाने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित किसानो द्वारा अपनी फसलो का सर्वे के दौरान मूल्यांकन फार्म में कृर्शि अधिकारियो द्वारा जो खराबा दर्ज किया गया। उसमें बीमा कंपनी द्वारा फार्मो में कांट छांट की गई। ज्यादातर फार्मो में खराबा षुन्य कर दिया। जिससे किसानो को वर्श 024 खरीफ का बीमा क्लेम नहीं मिल सका। ऐसे में किसानो के सर्वे फार्मो की वास्तिविक जॉच की जावे। जॉच उपरान्त कार्यवाही की जावे।

# डॉ. गर्ग ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा

**जन समस्याओं को जानकर समाधान के अधिकारियों को दिये निर्देश**



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याओं जानकर सम्बन्धित अधिकारियों को दिषा निर्देष दिये साथ ही लोगों के दु:ख सुख में भागीदारी निभाई। डॉ. गर्ग बुधवार को भरतपुर शहर के रणजीत नगर के अलावा गांव नगला उपटैला, धौरमुई, पीपला, बांसी बिरहना, खैमरा, घसौला, घना जाटौली, श्रीनगर सहित अन्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पहुंचे और लोगों के दुख-सुख में भागीदार बने। डॉ. गर्ग ने क्षेत्र की समस्याओं का भी आंकलन कर समस्याओं का समाधान कराने का लोगों को विष्वास दिलाते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिषा निर्देष दिये। डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जन सनुवाई की। इस दौरान लोगों ने उन्हें बिजली, पानी, सडक, अतिक्रमण के अलावा विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। डॉ. गर्ग का समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ. गर्ग से कार्यकर्ताओं ने भी मुलाकात की जिनसे उन्होंने राजनैतिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की।

# अवैध शराब तस्करी के प्रकरण में आरोपी गिरफ्तार

**खोह थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्यवाही**




बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने अवैध शराब मे उपयोग मे लिये गए वाहन के मालिक को किया गिरफ्तार किया है। खोह थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा के अनुसार ए एस आई जय सिंह ने मय जाप्ता के मुखविर की सूचना पर प सो पा चौराहे पर दबिश देकर अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी मोहनसिंह 41 बर्ष पुत्र संतराम गुर्जर निवासी रायबका थाना खोह जिला डीग को गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया है कि 17 मार्च 2025 को पुलिस ने आरोपी मोहन सिंह की बाइक पर बिक्रम गुर्जर निवासी पान्होरी को अवैध शराब ले जाते हुए गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 53 पव्वे अवैध देशी शराब और एक बाइक जप्त की थी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है।

# खेत पर फसल को पानी देने पिता के साथ जा रहे पांचवी कक्षा के छात्र को ट्रैक्टर ने कुचला

**बढ़ाना गांव निवासी छात्र पिंटू की दर्दनाक मौत, आगई थाना पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम**



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के आगई थाना क्षेत्र के धौंध ग्राम पंचायत के बढ़ाना गांव में मंगलवार की देर रात एक 15 वर्षीय किशोर की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतक किशोर के शव को परिजनों द्वारा बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया गया। जहां बुधवार को आगई थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। धोंध पंचायत के बढ़ाना गांव निवासी बुजुर्ग विद्याराम गुर्जर पुत्र हरी सिंह ने बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र पिंटू जो पांचवी कक्षा का छात्र था। उनके साथ मंगलवार की रात खेतों पर पानी देने जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह खेत के पास के चबूतरों से गुजरे अचानक से आई तेज गति ट्रैक्टर ने उनके 15 वर्षीय बेटे पिंटू को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक वे कुछ समझ पाते, ट्रैक्टर मौके से गायब हो गया। घटना के बाद घायल पिंटू को परिजन और ग्रामीण निजी साधन से देर रात बाड़ी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आंगई थाना पुलिस को सूचना दी गई। आंगई थाने के हेड कांस्टेबल अतर सिंह ने बताया की क्षेत्र के बढ़ाना गांव निवासी 15 वर्षीय पांचवी कक्षा के छात्र पिंटू की मंगलवार की रात ट्रैक्टर एक्सीडेंट में मौत हुई है। सूचना पर शव का बुधवार को सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने जो रिपोर्ट दी है। उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई और मामले की जांच की जा रही है।

# कैसे सुधरे सफाई व्यवस्था... 22 में से 15 ऑटो टिपर खराब, 7 ऑटो शहर से उठा रहे कचरा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** नगर परिषद अपने सफाई वाहनों को जीपीएस सिस्टम से लैस करेगा। जिससे शहर की सफाई में लगे वाहनों की लाइव लोकेशन ट्रैक की जा सकेगी। नगर परिषद में बढ़ती कूड़ा उठाने की शिकायतों और डीजल की लगातार खपत को देखकर वाहनों पर जीपीएस लगाने का फैसला लिया गया हैं। शहर से प्रतिदिन 50 टन कूड़ा उठाने के लिए नगर परिषद ने ऑटो टिपर, लोडर और ठेके पर ट्रैक्टर लगा रखे हैं। लेकिन इन वाहनों के रोजाना चलने के बाद भी सड़कों पर कूड़ा फैला दिखाई देता हैं। जिसकी शिकायतें मुख्यमंत्री



शिकायत पोर्टल से लेकर अधिकारियों की टेबल तक पहुंचती हैं। लेकिन हालात जस के तस नजर आते हैं। घरों से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन भी नही हो रहा हैं। जिसके कारण शहर की मुख्य सड़कें कूड़ाघर जैसी दिखाई देती हैं। वहीं सदन की बैठकों में कई बार सफाई वाहनों के लोकेशन पर नही पहुंचने की शिकायतें सामने आई हैं। कई बाद पार्षदों ने वाहनों के किसी ओर लोकेशन पर वाहन खड़े कर कर्मचारियों के आराम फरमाने के सबूत सार्वजनिक किए हैं। लेकिन अब सफाई वाहनों पर जीपीएस लगने के बाद कर्मचारी मनमानी नही कर सकेंगे और डीजल खपत के खेल पर भी अंकुश लग सकेगा। जिससे शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था पटरी पर आ सकती हैं। घरो से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए नगर परिषद के पास 22 ऑटो टिपर, 1 ट्रैक्टर, 1 बड़ा लोडर, 1 सकिंग मशीन और 2 जेसीबी हैं। इनके अलावा कूड़ा उठान के लिए 8 ट्रैक्टर नगर परिषद ने ठेके पर लगा रखे हैं। लेकिन 22 ऑटो टिपर में से 15 ऑटो टिपर खराब पड़े हैं, जो नगर परिषद के यार्ड में धूल फांक रहे हैं। महज 7 ऑटो टिपर शहर के 60 वार्डों से कूड़ा उठा रहे हैं। इस हिसाब से एक ऑटो टिपर को 8 वार्डों का कूड़ा उठाना पड़ रहा हैं। लेकिन यह सिर्फ एक आंकड़ा हैं, असल में ऑटो टिपर शहर के गिने-चुने वार्डों में ही डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करते नजर आते हैं। जिसके कारण लोग घरों का कूड़ा मजबूरी में सड़कों पर फेंक देते हैं या कूड़ा उठान से बचने के लिए कर्मचारी कूड़े में आग लगा देते हैं। जिस पर अंकुश लगाने के लिए प्रदूषण बोर्ड भी कई बार नगर परिषद को नोटिस दे चुकी हैं। लेकिन इसके बावजूद संसाधनों को नही सुधारा जा रहा हैं।

# विकास कार्यों को समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए - कमर चौधरी

**भरतपुर विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक सम्पन्न**

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष भरतपुर विकास प्राधिकरण कमर चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण द्वारा शहर कराये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि भरतपुर शहर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और आधुनिक स्वरूप देने के लिए प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी चल रहे विकास कार्यों को



तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। किसी भी प्रकार की शिथिलता या देरी को सहन नहीं किया जाएगा।

बैठक में विशेष रूप से शहर के सड़क निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, हरित क्षेत्र विस्तार, चौड़ीकरण कार्य, पार्कों के उन्नयन तथा यातायात प्रबंधन से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही मास्टर प्लान के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों और नई शहरी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि उपयोग, अवैध निर्माणों की रोकथाम, भवन अनुज्ञापत्रों की स्थिति तथा नगरीय सुविधाओं के विस्तार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। प्राधिकरण अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि शहर के विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्राधिकरण द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सभी प्रक्रियाएँ सरल और समयबद्ध होनी चाहिए। बैठक में आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सचिव बीडीए सुरेश नवल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर अपराधों पर लगाम लगाना मेरी पहली प्राथमिकता- रामकेश मीणा

**रामकेश मीणा ने संभाला डीग थाना कोतवाली प्रभारी का कार्यभार**



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग थाना कोतवाली प्रभारी का बुधवार को सी आई रामकेश मीणा ने कार्यभार संभाला। इसके बाद उन्होंने स्टाफकर्मियो की बैठक लेकर थाना कोतवाली क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, लंबित प्रकरणों ,वांक्षित आरोपियों की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली और व्यवहार से आम आदमी का विश्वास अर्जित करना, कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना, साइबर ठगी सहित अन्य अपराधों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।इसके लिए पुलिस के मुखबिर तंत्र सक्रिय कर समाज कंटकों की गतिविधियों पर नजर रखी जावेगी। सर्दी के मौसम को देखते हुए रात्रि गश्त और पुलिस की चौकियों पर जांच व्यवस्था को मजबूत किया जावेगा।

उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू और व्यवस्थित बनाने के लिए वह सभी जरूरी कदम उठाएंगे।

# जनाना अस्पताल में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिशु लिंगानुपात व बालिकाओं की षिक्षा के बारे में जागरूकता के लिए बुधवार को बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जनाना अस्पताल में किया गया। उपनिदेषक महिला अधिकारिता राजेष कुमार द्वारा महिला एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिशु लिंगानुपात व बालिकाओं की षिक्षा के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर के द्वारा प्रसूताओं को लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने अस्पताल में बेटी को जन्म देने वाली प्रसूताओं को बेटी के जन्म होने पर प्रोत्साहन स्वरूप बेबी किट, बीबीबीपी लोगो युक्त खेस एवं बधाई संदेष प्रदान किये गए तथा नवजात बालिका और उनके परिजनों के साथ केक कटिंग का कार्यक्रम भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नगेन्द्र भदोरिया, अधीक्षक जनाना अस्पताल डॉ. शेर सिंह, नर्सिंग अधीक्षक भगत सिंह, कृष्ण चौधरी, वार्ड प्रभारी रवेन्द्र पाल, एमओटी प्रभारी रवेन्द्र सिंह, महिला अधिकारिता के डीएचईडब्ल्यू से जेंडर स्पेषलिस्ट पूजा वषुमती, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना से नीरज कुंतल एवं अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# पीजी के विभिन्न विषयों की स्वीकृति को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा प्राचार्य को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थानीय इकाई द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री के नाम गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है की पीजी को लेकर कॉलेज में विषय बढ़ाये जाए,जिससे छात्र-छात्रा उसमें प्रवेश ले सके।

विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक समरथ गुर्जर ने बताया कि पिछली कई सालों से परिषद द्वारा लगातार मांग जा रही है कि पीजी कॉलेज में स्नातक की विभिन्न संकायों में नियमित विद्यार्थियों की संख्या सात सौ से अधिक है। फाइनल करनेके बाद जब छात्र-छात्रा स्नातकोतर में प्रवेश लेना चाहते हैं तो पीजी महाविद्यालय में केवल केवल हिंदी विषय में ही पीजी कक्षाएं उपलब्ध है। जिसमे भी सीटो की संख्या मात्र 60 विद्यार्थी है। हिंदी के अलावा अंग्रेजी, कॉमर्स, भूगोल, इतिहास और विज्ञान



वर्ग में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, मैथ कॉमर्स जैसी विषय उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सभी छात्रों को बीए और बीएससी करने के बाद जिला मुख्यालय पर स्थित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में जाना पड़ता है। जहां पर भी सीटे कम होने से परेशानी होती है। नगर मंत्री अजय कंसाना ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आने-जाने में अधिक समय लगने के साथ समय और पैसे भी खर्च होते है। जो कमजोर तबके के विद्यार्थियों के लिए परेशानी भरा है। ऐसे में विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि एमए, एमएससी में नियमित विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं शुरू की जाए। ज्ञापन के दौरान परिषद के नारायण परमार, अभिषेक गर्ग, पल्लवी परमार, आस्था गर्ग, रोहित शर्मा, पीयूष शर्मा एवं कॉलेज विद्यार्थी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री ने जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त

**धौलपुर जिले के 1.55 लाख किसानों को मिला 31.13 करोड़ का लाभ**

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कोयम्बटूर तमिलनाडू में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के करोड़ों किसानों को बड़ी सौगात दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के अंतर्गत उन्होंने किसानों के बैंक खातों में सीधा स्थानांतरित किया। इस राष्ट्रीय अभियान में धौलपुर जिले के 1,55,684 किसानों को भी 31 करोड़ 13 लाख 68 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र धौलपुर और जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। यहां किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को वर्चुअली सुना और देखा। पीएम ने इस दौरान किसानों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि देश का अन्नदाता ही राष्ट्र की रीढ़ है।

# खनन में सुरक्षा सर्वोपरि, शिवालिक सिलिका ने रचा जागरूकता का नया अध्याय

**सुरक्षा थीम सुरक्षित कार्यस्थल, विकसित भारत पर आधारित कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भागीदारी**




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** खान सुरक्षा महानिदेशालय, अजमेर क्षेत्र 1-2 के तत्वाधान में मंगलवार को शिवालिक सिलिका माइंस परिसर में 39वां खान सुरक्षा सप्ताह हर्ष, उत्साह और जागरूकता संदेशों के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कामगारों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों और स्थानीय विद्यालयों के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिकाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सुरक्षा के महत्व को रचनात्मक अंदाज में सामने रखा। निरीक्षण दल ने की सुरक्षित खनन की सराहनादृ कार्यक्रम के दौरान निरीक्षण दल के संयोजक जे.पी. श्रीवास्तव ने इस वर्ष की थीम सुरक्षित कार्यस्थल दृ विकसित भारत पर बोलते हुए कहा कि सुरक्षा नियमों का पालन किसी भी उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित खनन न सिर्फ संस्थान के विकास बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाता है। निरीक्षण दल के सदस्य अशोक गुप्ता ने शिवालिक सिलिका द्वारा पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित खनन पद्धति और सामाजिक सहयोग के क्षेत्र में किए जा रहे सतत प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। जीरो हार्म की परंपरा बरकरारदृ शिवालिक सिलिका के कार्यकारी निदेशक नितिन सिंघल ने संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बताया कि कंपनी पिछले 17 वर्षों से जीरो हार्म के सिद्धांत के साथ खनन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, नियमित प्रशिक्षण और अनुशासित कार्यशैली ही सुरक्षित खनन की कुंजी है। सिंघल ने बताया कि आने वाले वर्षों में भी कंपनी सुरक्षा और गुणवत्ता के नए मानक स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

### सतत विकास लक्ष्य अपनाने पर जोर

खान प्रबंधक बी.एन. चौधरी ने एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) को संस्थान की कार्यशैली में अपनाने की अपील करते हुए कहा कि यह न सिर्फउद्योग के लिए बल्कि राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास के लिए भी बेहद आवश्यक है। इस दौरान आदित्य कांत ने सभी कामगारों और प्रबंधन को सुरक्षित कार्यशैली अपनाने के लिए शुभकामनाएं देते हुए बेहतर भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन जी.एस. हाडा और जाबिर हुसैन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में चेतन कुमार, संजय तिवारी और पूरे स्टाफने सक्रिय भूमिका निभाई।

# अग्रवाल महिला मंडल के चुनाव संपन्न रजनी अध्यक्ष एवं राधा सिंहल मंत्री बनी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अग्रवाल समाज संस्थान धौलपुर के अधीन अग्रवाल महिला मंडल कोठी धौलपुर के वार्षिक चुनाव वर्ष 2025-26 के लिए चुनाव अधिकारी प्रेम मंगल की देख रेख में आज श्री अग्रसेन सेवा सदन धौलपुर में संपन्न कराए गए। प्रेम मंगल ने बताया कि महिला शक्ति को सशक्त बनाने हेतु संगठन में एकता आवश्यक है, इसलिए निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा चुनाव आवश्यक हैं। अग्रवाल महिला मंडल कोठी के चुनावों में रजनी गोयल अध्यक्ष, सरिता सिंहल उपाध्यक्ष, राधा सिंहल मंत्री, रीमा गर्ग सहमंत्री, शिल्पी अग्रवाल कोषाध्यक्ष, शीतल बिंदल संगठन मंत्री, गुंजन गोयल निरीक्षक पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया, निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी सात पदों पर चुनाव निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा सम्पन्न कराए गए हैं। चुनाव कार्यक्रम में अग्रवाल समाज कोठी धौलपुर की महिलाओं बड़ी संख्या बढ़ चढ़ भाग लिया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी पी सी मंगल, अग्रवाल समाज संस्थान कोठी के अध्यक्ष मुकेश गोयल, उपाध्यक्ष राज कुमार सिंहल, मंत्री मनोज अग्रवाल, राज कमल कोषाध्यक्ष, कमल सिंहल सहमंत्री, विनोद अग्रवाल निरीक्षक उपस्थित रहे।

## एडीएम शहर ने ली नार्को कोर्डिनेशन समिति की समीक्षा बैठक



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने बुधवार को जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन समिति की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने निर्देशित किया कि अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर जिले को नशामुक्त बनाने हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए मानस नारकोटिक्स कंट्रोल हेल्पलाइन-1933 का व्यापक स्तर प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे किसी भी व्यक्ति को नारकोटिक्स से संबंधित शिकायत दर्ज कराने में असुविधा का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसरों को नशामुक्त बनाने हेतु व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का संचालन करावे, ताकि युवा पीढी नशे से दूर रह सके। उन्होंने औषधि नियंत्राक को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर का नियमित तौर पर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने एनडीपीएस के तहत की गई कार्यवाही के बारे में वस्तु स्थिति जानकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय काम्बले शरण गोपीनाथ, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसआईआरः उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को जिला निर्वाचन अधिकारी हसीजा कर रहे प्रोत्साहित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** एसआईआर-2026 अंतर्गत बुधवार को जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों के नाम जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा द्वारा दैनिक रूप से जारी कर उन्हें प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है।

बुधवार को जारी सूची के अनुसार श्रेष्ठ ईआरओ के रूप में नाथद्वारा की निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम रक्षा पारीक का नाम है। उनके नेतृत्व में नाथद्वारा क्षेत्र में कुल 2,48,914 मतदाताओं में से 1,21,365 मतदाताओं का सफलतापूर्वक डिजिटाइजेशन किया गया, जो 48.76 प्रतिशत है। साथ ही राज्य की शीर्ष 30 विधानसभा क्षेत्रों की रैंकिंग में नाथद्वारा विधानसभा (175) ने स्थान बनाया है। यह उपलब्धि निर्वाचन कार्यों में क्षेत्र की बेहतर प्रगति और उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है। वहीं बेस्ट बीएलओ की बात करें तो भीम विधानसभा क्षेत्र से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालातो की गुआर के बूथ लेवल अधिकारी मोहन सिंह, भाग संख्या 86, ने 1,381 कुल मतदाताओं में से 809 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कर उत्कृष्ट कार्य किया है। नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ राजकुमार मेघवाल, भाग संख्या 63, ने 1,292 में से 928 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कर 71.83 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। राजसमंद विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ प्रबोधक राजेश गुर्जर, बीएलओ भाग संख्या 155, ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनियाणा में कुल 776 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा किया। कुम्भलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ पूरण दास वैष्णव, राउमावि लिकी, ने भाग संख्या 37 में कुल 1,015 गणना प्रपत्रों का सफलतापूर्वक डिजिटाइजेशन कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। ये चारों अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के बेस्ट बीएलओ रहे हैं।

## बीएलओ, सुपरवाइजर झेल रहे भारी तनाव और कर रहे आत्महत्या, शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एस आई आर कार्यक्रम-2025 से इस कार्यक्रम में लगे शिक्षक बीएलओ एवं सुपरवाइजर मानसिक तनाव में चल रहे हैं। बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की इस समस्या को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की अलवर जिला कार्यकारिणी ने मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मुख्य महामंत्री ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान सहित कई प्रदेशों में चलाए जा विशेष गहन पुनरिक्षण कार्यक्रम (एस आई आर) में लगे शिक्षक बीएलओ एवं सुपरवाइजर निर्वाचन विभाग के भारी दबाव के कारण मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। इसी मानसिक तनाव के चलते जयपुर एवं सवाई माधोपुर जिले में एक बीएलओ द्वारा आत्महत्या एवं एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। शिक्षक संघ प्रगतिशील ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया कि शिक्षक बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को गहन पुनरिक्षण कार्यक्रम के भारी दबाव से राहत प्रदान कर मानसिक तनाव से मुक्त करने की अपील की। शिक्षक बीएलओ एवं सुपरवाइजर को राहत प्रदान करने संबंधित ज्ञापन को सौंपते समय जिला अध्यक्ष अजय विजय के साथ संजय भाटिया, गिर्राज सैनी, अविनाश यादव, अंशु सेन आदि लोग मौजूद रहे।

## एडीएम शहर ने ली नार्को कोर्डिनेशन समिति की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर ने आज जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन समिति की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने निर्देशित किया कि अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर जिले को नशामुक्त बनाने हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए मानस नारकोटिक्स कंट्रोल हेल्पलाइन-1933 का व्यापक स्तर प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे किसी भी व्यक्ति को नारकोटिक्स से संबंधित शिकायत दर्ज कराने में असुविधा का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसरों को नशामुक्त बनाने हेतु व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का संचालन करावे, ताकि युवा पीढी नशे से दूर रह सके।

कंट्रोल रूम से संबंधित राहत दलों एवं अधिकारी को त्वरित सूचना प्रसारित की गई

# गैस रिसाव की परिस्थितियों से निपटने के लिए आयोजित किया गया मोक ड्रील प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान





**अलवर (का.स.)।** राजस्थान आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत गैस रिसाव (केमिकल डिजास्टर) की परिस्थितियों से निपटने के लिए गुरूवार को एमआईए स्थित लॉड्स क्लोरो अल्कली लिमिटेड में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित राहत एवं बचाव से जुडे अन्य सुरक्षाकर्मियों का मोक ड्रील का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर एवं इंसीडेंट मजिस्ट्रेट श्रीमती बीना महावर के निर्देशन में मॉक ड्रील के तहत किए गए बचाव एवं राहत कार्य संपादित किए गए। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने बताया कि जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में आज आपातकालीन परिस्थितियों में गैस रिसाव की समस्या से निपटने के लिए मोक ड्रील का आयोजन किया गया जिसके तहत एमआईए स्थित लॉड्स क्लोरो एलक्लीज कम्पनी लि. में क्लोरीन स्टोरेज टैंक से गैस के रिसाव की सूचना प्राप्त हुई जिसमें कम्पनी के 32 कार्मिक बेहोश हो गए। सूचना प्राप्त होते ही कंट्रोल रूम से संबंधित राहत दलों एवं अधिकारी को त्वरित सूचना प्रसारित की गई। जिसकी सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस, अग्निशमन दल, चिकित्सा दल, सिविल डिफेन्स, स्काउट व गाइड, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ के दलों ने तुरन्त मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया। गैस लीकेज के दौरान काम में आने वाले मास्क एवं विशेष ड्रेस पहनकर राहत एवं बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। मोक ड्रील के दौरान एनडीआरएफ 6वीं बटालियन गुजरात से आए ऑफिसर इंचार्ज डॉ. परमिंदर सिंह ने गैस रिसाव से होने वाली क्षति के तहत आपातकालीन अलार्म का उपयोग, राहत कार्यों का प्रदर्शन एवं रखी जाने वाली विशेष सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस दौरान सीबीआरएन से बचाव संबंधित उपकरणों एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के तरीकों एलसीएएल में फंस रहे लोगों को बचाने का प्रदर्शन किया गया जिसमें लीकेज अरेस्ट करने, रेस्क्यू करने विभिन्न तकनीक तथा उपकरणों आदि से निकलने की तकनीकी जानकारी दी गई। इस दौरान जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय काम्बले शरण गोपीनाथ, नगर निगम के आयुक्त सोहन सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा, जीएम डीआईसी एम.आर मीणा, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियन्ता श्रीमती अल्का व्यास, एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट संजय गुर्जर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जैन मंदिर के व्यास की पुत्री का कनिष्ठ अभियंता पद पर चयन

## श्री मन्दिर जी सेवा का पुण्य-अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर, मुंशी बाजार, अलवर के व्यास की पुत्री कंचन सैनी ने अपनी मेहनत, लगन और काबिलियत के बल पर कनिष्ठ अभियंता सिविल पद पर चयन प्राप्त कर पंचायत समिति रामगढ़ ज्वाइन किया है। यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। मंदिर के नीचे निवास करते हुए और मंदिर की देखरेख के साथ.साथ पढ़ाई करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद उन्होंने दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयासों से यह सफलता हासिल की। चंद्रप्रभु भगवान के आशीर्वाद और परिवार के सहयोग से यह चयन संभव हुआ।

चंद्रप्रभु मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन ने कहा यह उपलब्धि न केवल परिवार के लिएए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है। मंदिर की सेवा और शिक्षा का संतुलन साधते हुए कनिष्ठ अभियंता बनना अनुकरणीय उदाहरण है। हम सभी उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कुमारी कंचन सैनी ने अपने माताजी व मंदिर को संभालते हुये पोलिटेक्निक डिप्लोमा सिविल व उसके बाद बी.टेक सिविल किया। इस बार प्रतियोगी परीक्षाएं देने के बाद अंततः पंचायती राज विभाग में चयन हुआ। कुमारी कंचन सैनी के पिता स्वः जगदीश सैनी जी करीब 30-35 वर्षों से चंद्रप्रभु दिगम्बर मंदिर मुंशी बाजार में व्यास के रूप में कार्यरत रहे। इनके देहावसान के बाद उनकी पत्नी ललिता सैनी के साथ उनकी पुत्रीयाँ मंदिर को संभाल रही है। कंचन सैनी चार बहिने है भाई नहीं है। दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। अब एक बडी बहन भी अविवाहित है जो की एमए बीएड है, मंदिर संभाल रही है। कंचन सैनी सबसे छोटी बहन है जो कनिष्ट अभियंता बनने का श्रेय भगवान चंद्रप्रभु व प्रतियोगी परीक्षा हेतु प्रेरित करने हेतु मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन व परिजनों को दे रही है।

## एसआईआर को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**रैणी (अलवर)।** एसआईआर कार्य को लेकर बूथ लेवल अधिकारी पर उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार दबाव बनाने व अपमानित करने के कारण आत्महत्या करने पर मजबूर किए जाने के विरोध में बुधवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने उपखंड अधिकारी रैणी को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व उपस्थित कर्मचारियों ने आत्महत्या करने वाले कर्मचारी की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा कर चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। महासंघ के अध्यक्ष हरिमोहन झूथाहेड़ा ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर कार्यक्रम में लगाए गये बीएलओ पर उच्च अधिकारियों द्वारा लक्ष्य पूरा नहीं करने के नाम पर अपमानित किया जा रहा है तथा निलंबित करने की धमकियां दी जा रही है। जिससे आहत होकर जयपुर जिले के एक बीएलओ ने रेल से कटकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली है। संगठन दोषी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा कड़ी कार्रवाई करने की मांग करता है। साथ ही एसआईआर कार्यक्रम को आगे बढ़ाकर कर्मचारियों पर दबाव कम करावे। यदि सरकार उक्त मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं करती है तो संगठन उग्र आंदोलन करने की रणनीति पर विचार करेगा। ज्ञापन के दौरान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ईटोली व ब्लॉक अध्यक्ष एस एस डाटाराम व ब्लॉक महामंत्री जे पी शर्मा, कानूनगो संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा , पटवार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नेमीचंद , धर्मचन्द, मुकेश, भीखाराम, रामप्रताप आदि कार्मिक मौजूद रहे।

## पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाने के निर्देश

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री योगेश डागुर की अध्यक्षता में आज वीसी के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने जिले में 23 नवम्बर को आयोजित किए जाने वाले उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की समीक्षा कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि अभियान के तहत कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे इसके लिए विभागीय समन्वय स्थापित कर अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने हेतु सभी तैयारियों सुनिश्चित करते हुए अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग से समन्वय कर बूथ कवरेज बढावे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों में पल्स पोलियो अभियान के बूथ स्थापित किए गए है उन विद्यालयों को 23 नवम्बर के दिन खुला रखकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जावे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में 1822 बूथ स्थापित किए जाएंगे इसके लिए 58 ट्राजिप टीम, 42 मोबाइल टीम तथा 210 सुपरवाइजर लगाए गए है। उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर को अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों को खुराक पिलाई जाएगी तथा इसके बाद दो दिनों तक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी।

## 1 लाख 50 हजार से अधिक किसानों के खातों में 30 करोड़ से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त हस्तानांतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय कार्यक्रम कोयंबत्तुर, तमिलनाडु से 'पीएम-किसान उत्सव दिवस' के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। जिले के 1 लाख 50 हजार से अधिक किसानों के खातों में 30 करोड़ से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

कार्यक्रम के तहत पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से राज्य के 66 लाख 62 हजार किसानों को 1 हजार 332 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई तथा अलवर जिले के 1 लाख 50 हजार से अधिक किसानों को खातों में 30 करोड़ से अधिक राशि हस्तांतरित की गई। उल्लेखनीय है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। राजस्थान में किसानों को अतिरिक्त राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू है, जिसके अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 3 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जा रही है।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी अलवर श्री माधव भारद्वाज, पूर्व महापौर श्री घनश्याम गुर्जर, दी अलवर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कृष्णा नंद शर्मा, सहकारिता के उप रजिस्टार श्री गुलाबचंद मीणा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

राजीविका की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

## खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा जेंडर विषयों पर किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत राजीविका द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य व स्वच्छता तथा जेंडर संबंधी विषयों पर जागरूक करने हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. सुमन अजमेरी ने स्वागत उद्बोधन के साथ की। उन्होंने जिले में राजीविका द्वारा संचालित सामाजिक एवं आर्थिक पहलों की जानकारी साझा की तथा जेंडर और वीपीआरपी से जुड़े मुद्दों पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन देते हुए विभागों से अपेक्षित सहयोग पर चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए कलक्टर ने कहा कि राजीविका महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ लिंग भेद, पोषण तथा लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण सखी और ब्लॉक परियोजना प्रबंधक आपसी समन्वय से विभागों से सहयोग लेते हुए कार्य करें तथा अपने अनुभव साझा करें, जिससे गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। जिला पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा सखी के माध्यम से सतत सहयोग का आश्वासन दिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को फील्ड स्तर पर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करवाने हेतु निर्देश जारी करने की बात कही।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने कहा कि राजीविका के जिन कार्यालयों को सरकारी भवनों की आवश्यकता है, उनके लिए प्रस्ताव तैयार कर जिला कलक्टर को भेजे जाएं ताकि कार्यालयों को स्थायित्व मिल सके। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, मार्गदर्शी बैंक, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पशुपालन, महिला अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके साथ ही राजीविका जिला प्रबंधक भेरुलाल बुनकर, मनीष मेवाड़ा, ष्ठक्रष्ट हेड प्रीति लोधा, जिला लेखाकार हेमंत छीपा, सभी ब्लॉक परियोजना प्रबंधक, चयनित पोषण सखियां एवं त्रक्रष्ट क्रक्क भी उपस्थित रहे।

# भारत को एसयू-57 फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार

## तकनीक भी बिना शर्त ट्रांसफर करेगा ये विमान अमेरिकी एफ-35 जेट्स का तोड़




बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस, भारत को एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट्स देने के लिए तैयार हो गया है। दुबई एयर शो में रूसी कंपनी रॉस्टेक के सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि वे इन फाइटर जेट्स की तकनीक भी बिना शर्त ट्रांसफर करेंगे। रूसी एसयू-57 जेट्स को अमेरिका के एफ-35 का तोड़ माना जाता है। एसयू-57 की तरह एफ-35 भी 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। अमेरिका लंबे समय से भारत को एफ-35 बेचना चाह रहा है। रूस से यह आश्वासन ऐसे समय आया है, जब भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में मॉस्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। पुतिन अगले महीने भारत आने वाले हैं।

### भारत में ही एसयू-57 के प्रोडक्शन को तैयार रूस

सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं। जब भारत पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगे थे, तब भी रूस ने भारत की सुरक्षा के लिए हथियार सप्लाई करना जारी रखा था। उन्होंने कहा- आज भी हम वही पॉलिसी अपना रहे हैं। भारत को उसकी जरूरत के मुताबिक हर तरह का मिलिट्री इक्विपमेंट सप्लाई कर रहे हैं और भविष्य के सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं। रूस का कहना है कि एसयू-57 की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी। इसमें इंजन, रडार, स्टेल्थ तकनीक और आधुनिक हथियारों की जानकारी भी दी जा सकती है। रूस ने यह भी कहा कि अगर भारत चाहे तो एसयू-57 को भारत में ही बनाया जा सकता है। रूस ने भारत को टू-सीटर एसयू-57 बनाने की जॉइंट प्लानिंग का भी प्रस्ताव दिया है। उनका कहना है कि यह सब भारत में बिना किसी विदेशी प्रतिबंध की चिंता के किया जा सकेगा। कई दशक से रूस भारत का प्रमुख मिलिट्री सप्लायर रहा है। फाइटर जेट्स और सबमरीन से लेकर मिसाइल सिस्टम और हेलिकॉप्टर्स तक रूस भारत को मुहैया कराता रहा है।

# पेपरलीक के मास्टरमाइंड को राहत नहीं

## हाईकोर्ट में जगदीश विश्नोई सहित चार की जमानत खारिज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई समेत चार आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली ने आज यह फैसला सुनाया। जमानत याचिका खारिज होने वाले आरोपियों में मुख्य सरगना जगदीश विश्नोई, राजीव विश्नोई, कार्तिकेय शर्मा और रिंकू यादव शामिल हैं।

राज्य सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनुराग शर्मा और एडवोकेट अक्षत शर्मा ने अदालत में आरोपियों की जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा- जगदीश विश्नोई इस मामले में मुख्य आरोपी है, जिसने गैंग बनाकर पेपर लीक किया और भर्ती प्रक्रिया की पवित्रता को भंग किया।



अभियोजन पक्ष ने यह भी कहा- राजीव बिश्नोई न केवल अभ्यर्थी है, बल्कि गैंग हैंडलर भी है, जिसने पेपर को आगे फैलाया। कार्तिकेय शर्मा ने पेपर खरीदकर रिंकू यादव को बेचा। इस तरह आरोपियों ने मिलकर भर्ती प्रश्न पत्र को लीक किया। अभियोजन पक्ष के पास आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। वहीं, आरोपियों की ओर से जमानत याचिका में कहा गया कि उन्हें इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है। अभियोजन पक्ष के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मुकदमे में लंबा समय लगने की संभावना है। वे लंबे समय से जेल में बंद हैं, इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने चारों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### आठ महीने पहले जेईएन भर्ती में मिली थी जमानत

मुख्य आरोपी जगदीश विश्नोई को आठ महीने पहले जेईएन भर्ती-2020 पेपर लीक मामले में जमानत मिली थी। लेकिन एसआई भर्ती मामले में बंद होने से वह जेल से बाहर नहीं आ सका। लेकिन आज कोर्ट ने उसकी एसआई भर्ती मामले में जमानत खारिज कर दी। इसके बाद अब उसे जेल में ही रहना पड़ेगा। सांचौर जिले के दांता निवासी जगदीश विश्नोई को गिरोह के लोग मास्टरमाइंड गुरुजी या गुरुजी नाम से पुकारते थे। सबसे पहले उसने साल 2005 में बीएड की फर्जी डिग्री खरीदी थी। फिर साल 2007 पेपर लीक करके ग्रेड थर्ड का टीचर बन गया था। टीचर बनने के बाद जगदीश का सबसे पहले कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 2007 में नकल करवाने में नाम सामने आया था।

# 7.80 लाख बच्चों को पिलाएंगे पोलिया की खुराक

## जयपुर जिले में 23 नवंबर को 5137 बूथों पर चलेगा अभियान; 604 मोबाइल टीमें घर-घर जाएंगी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर जिले में 23 नवंबर को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस होगा। इसमें नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के करीब 7.80 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके लिए जिले में 5 हजार 137 बूथ बनाए गए हैं। जयपुर सीएमएचओ डॉ. रवि शेखावत और मनीष मित्तल ने बताया- सरकार ने जयपुर जिले में कुल 7 लाख 80 हजार से ज्यादा बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा है। इसमें जयपुर सीएमएचओ सैकंड एरिया में 3 लाख 80 हजार बच्चे हैं, जिनके लिए 2 हजार 209 बूथ बनाए गए हैं, जहां पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसी तरह सीएमएचओ फर्स्ट के एरिया में 4 लाख बच्चे हैं, जिनको दवाई दी जानी है। इन बच्चों के लिए 2 हजार 928 बूथ बनाए गए हैं।

### अगले दिन घर-घर पहुंचेंगी टीमें

वहीं हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में मोबाइल टीमें 24 नवंबर को घर-घर भेजी जाएंगी। ये टीमें पोलियो की दवाई से वंचित रहे बच्चों को दवाई पिलाएंगे। इसके साथ पूरे जयपुर जिले में कुल 604 मोबाइल टीमें बनाई गई हैं। इसमें सीएमएचओ सैकंड एरिया में 529 टीमें काम करेंगी, जबकि जयपुर फर्स्ट के एरिया में 75 टीमें बनाई गई हैं।

# राजस्थान में तेज हुई सर्दी, माउंट में पारा 0 पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत से चल रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान में सर्दी तेज होने लगी है। हिल स्टेशन माउंट आबू के कुछ हिस्सों में ओस की बूंदें जमने लगी हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राज्य में अगले एक सप्ताह इसी तरह की सर्दी जारी रहने की संभावना है। हालांकि कोल्ड-वेव का असर थोड़ा कम होगा। सुबह-शाम शीतलहर से मामूली राहत मिलने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा ठंडा मौसम माउंट आबू रहा। स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, यहां न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु यानी शून्य पर चला गया। मैदानी इलाकों में बुधवार को सबसे ज्यादा सर्द रात सीकर में रही। जहां न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। नागौर आज न्यूनतम तापमान 5.9, फतेहपुर में 6.9, सिरोही में 7.4, दौसा में 6.7, जालौर में 7, चूरू में 8.2, झुंझुनूं में 9.3, बारां में 7.8, चित्तौड़गढ़ में 8.2, अलवर में 9.5, वनस्थली (टोंक) में 8.3, भीलवाड़ा में 8.5 और उदयपुर में 9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।



### सिरोही में सबसे ठंडा दिन

मंगलवार राज्य के सिरोही जिले में दिन में सबसे ज्यादा ठंडक रही। यहां दिन का अधिकतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। करौली में अधिकतम तापमान 26, बारां, सीकर में 26.8, कोटा में 26.6, अलवर, उदयपुर में 26.2, भीलवाड़ा में 26.6, अजमेर में 27.8, जयपुर में 28.1, पिलानी में 29 और चित्तौड़गढ़ में 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे अधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 32.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

# चुनाव आयोग बोला-एसआईआर में चूक पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे

### दिसंबर तक डेडलाइन, दबाव से परेशान बीएलओ; राजस्थान-एमपी और केरल में 3 सुसाइड कर चुके

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/कोलकाता।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी तरह की चूक पाए जाने पर अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। एक अधिकारी के अनुसार, उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए यह बयान दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल भी इन बैठकों में मौजूद थे। बंगाल में 18 नवंबर की शाम 6 बजे तक 7.63 करोड़ गणना फॉर्म बांटे जा चुके हैं। कुल 1.09 करोड़ फॉर्म डिजिटल किए जा चुके हैं। दूसरी तरफ, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश में एक-एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) आत्महत्या कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में एक बीएलओ ने आत्महत्या की धमकी दी है।

# राजस्थान में रॉयल वेडिंग, अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे शामिल होंगे

### बिजनेसमैन के बेटे की शादी में उदयपुर आएंगे, 21-24 नवंबर को रहेगा वीवीआईपी मूवमेंट



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** उदयपुर एक बार फिर रॉयल डेस्टिनेशन वेडिंग की चकाचौंध में डूबने वाला है। मौका है अमेरिकी अरबपति बिजनेसमैन के बेटे और अमेरिकी मूल की दुल्हन एलिजाबेथ की शादी का। इस शादी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर अपनी पूरी फैमिली के साथ पहली बार उदयपुर आ रहे हैं। वे 21 नवंबर की शाम को उदयपुर पहुंचेंगे। 24 नवंबर की शाम तक रुकेंगे। 21-22 नवंबर को होने वाली इस ग्रैंड वेडिंग के लिए जग मंदिर पैलेस और सिटी पैलेस के माणक चौक को सजाया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए बिजनेस से जुड़ी कई हस्तियां उदयपुर आएंगी। ट्रम्प जूनियर पिछोला झील के बीच बने आलीशान लीला पैलेस में ठहरेंगे। उनकी सुरक्षा में अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की टीम पहले ही उदयपुर पहुंच चुकी है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों

## बच्चों को गैस चैंबर में डालने के सवाल पर आदेश दिया; पॉल्यूशन पर हर महीने होगी सुनवाई



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्स फंक्शन पर रोक लगनी चाहिए। कोर्ट ने यह आदेश सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया। अपराजिता सिंह ने कहा था कि, दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ऐसी एक्टिविटी बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आगे कहा कि, वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करेंगे ताकि इसका परमानेंट समाधान निकाला जा सके। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में ग्रेप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भत्ता/आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश


- सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि ग्रेप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भत्ता/आर्थिक सहायता दी जाए।
- राज्य वायु प्रदूषण कम करने के लिए आवश्यक रोकथाम उपाय लागू करें। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन उपायों की नियमित समीक्षा की जाए।
- सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वायु प्रदूषण से जुड़ा मामला हर महीने लिस्ट किया जाए, ताकि इसकी लगातार निगरानी की जा सके।

# थाने में 1.25 लाख की रिश्वत लते महिला सीआई गिरफ्तार

## धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई नहीं करने के लिए मागे थे रुपए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों (एसीबी) ने जयपुर के गांधी नगर थाने में तैनात महिला पुलिस उप निरीक्षक को बुधवार शाम रिश्वत लेते अरेस्ट किया है। धोखाधड़ी के एक मामले में एफआर लगाने की एवज में महिला एसआई ने 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी टीम ने घूस के 1.25 लाख रुपए लेते उसे रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी टीम आरोपी एसआई से पूछताछ के साथ ही उसके निवास पर सर्च कर रही है। डीजी (एसीबी) गोविन्द गुप्ता ने बताया- एसीबी चौकी जयपुर नगर



तृतीय को एक शिकायत मिली थी। परिवादी ने शिकायत में बताया कि गांधी नगर थाने में साल-2024 में धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज है। उस मामले कोई कार्रवाई नहीं करने और मुकदमे में एफआर लगाने की एवज में 2 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई है।

**रिश्वत के लिए बना रही थी दबाव**-घूस देने के लिए गांधी नगर थाने की एसआई राजकुमारी जुनेजा की ओर से दबाव बनाया जा रहा है। एसीबी टीम ने शिकायत का सत्यापन करवाकर ट्रैप का जाल बिछाया।

**थाने में रिश्वत ले रही थी सीआई**-एसीबी टीम ने बुधवार शाम रिश्वत के एवज में 1.25 लाख रुपए परिवादी को लेकर गांधी नगर थाने भेजा। रिश्वत की रकम लेते एसआई राजकुमारी जुनेजा को एसीबी टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया।

# दिल्ली धमाके के बाद अलर्ट पर देहरादून पुलिस

## 900 कश्मीरी छात्रों पर निगरानी, कम्युनिकेशन एक्टिविटी पर रखी जा रही नजर

बढ़ता राजस्थान

**देहरादून।** दिल्ली बम धमाके में कश्मीर से जुड़े कनेक्शन मिलने के बाद राजधानी देहरादून में अलग-अलग संस्थानों में पढ़ाई कर रहे कश्मीरी छात्रों पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है। पुलिस कश्मीरी छात्रों के पारिवारिक बैकग्राउंड की भी जांच कर रही है। वहीं कश्मीरी छात्रों के साथ दून पुलिस विदेशी नागरिकों की गतिविधियों की भी निगरानी कर रही है।

राजधानी देहरादून में देश के अलग-अलग राज्यों से हर साल शिक्षा के लिए हजारों छात्र आते हैं। जिनमें कश्मीरी छात्र भी बड़ी संख्या में हर साल देहरादून कॉलेज में शिक्षा लेने के लिए पहुंचते हैं। जिन पर अब सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी रखनी शुरू कर दी है। हालांकि इन सभी छात्रों का डाटा पुलिस के पास पहले से ही होता है, लेकिन दिल्ली बम धमाके के बाद पुलिस अब और भी ज्यादा अलर्ट है और खासतौर पर कश्मीर से आए छात्रों की फाइलों को दोबारा खंगाला जा रहा है। जिनके पारिवारिक बैकग्राउंड की भी पूरी जांच पड़ताल की जा रही है।

### देहरादून में हैं 900 से ज्यादा कश्मीरी छात्र

देहरादून के कोचिंग सेंटर और कॉलेजों में मौजूदा समय में करीब 900 कश्मीरी छात्र पढ़ाई कर रहे हैं जिनके पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को देहरादून पुलिस नई से ऐसे कर रही है जिसमें हॉस्टल, पीजी और किराए पर रहने वाले छात्रों के एड्रेस और आईडी प्रूफ के साथ उनकी पिछले दिनों हुई मूवमेंट की पूरी जांच की जाएगी। यही नहीं इन सभी कश्मीरी छात्रों के साथ-साथ विदेशी नागरिकों पर भी पुलिस वेरिफिकेशन ड्राइव चलाने जा रही है जिसमें उनके ग्रुप चैट सोशल मीडिया चैट और उनकी कम्युनिकेशन एक्टिविटी को भी मॉनिटर किया जा रहा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों का लेटर

## कहा- ईसी की छवि बिगाड़ रही कांग्रेस; राहुल वोट चोरी पर 3 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक ओपन लेटर जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। लेटर में 16 पूर्व जज 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के सिग्नेचर हैं।

इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने ओपन लेटर में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है। लेटर में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है।

दरअसल, राहुल गांधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की ,क्रटीम, भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था।

### लेटर की 5 बड़ी बातें....

**पहले सेना,** फिर न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाए गए, और अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। यह एक ,खतरनाक चलन, बन गया है, जिसमें चुनावी हार को छिपाने के लिए संस्थाओं की साख पर हमला किया जा रहा है।

**राहुल गांधी** चुनाव आयोग पर ,वोट चोरी, का आरोप लगाया, उसे ,गद्दारी, तक कहा और अधिकारियों को धमकाया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कोई आधिकारिक शिकायत या हलफनामा पेश नहीं किया। यह सिर्फ राजनीतिक नाराजगी है, जिसका कोई ठोस आधार नहीं है।

**जब विपक्षी** पार्टियां जीतती हैं, तब चुनाव आयोग पर कोई आरोप नहीं लगता, लेकिन हार मिलते ही आयोग को दोषी ठहराना शुरू हो जाता है। यह राजनीतिक अवसरवाद है।

**टीएन शेषन** और एन गोपालस्वामी जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने आयोग को बेहद मजबूत और निष्पक्ष संस्था बनाया है, इसलिए आज उस पर बेबुनियाद हमले लोकतंत्र के लिए नुकसानदायक हैं।

**सभी भारतीय** चुनाव आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास बनाए रखें। उन्होंने कहा कि फर्जी वोटर, गैर-नागरिक और अवैध प्रवासियों को वोटर लिस्ट से बाहर रखना देश की सुरक्षा और लोकतंत्र दोनों के लिए जरूरी है।

**सुप्रीम कोर्ट** के पूर्व जज और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरमेन आदर्श कुमार गुप्ता, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज हेमंत गुप्ता समेत 16 पूर्व जजों के सिग्नेचर हैं। वहीं, पूर्व रॉ चीफ संजीव त्रिपाठी और ह्ह्व के पूर्व डायरेक्टर योगेश चंद्र मोदी समेत 123 सेवानिवृत ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार